


दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-4, अंक-218 | जयपुर, बुधवार, 17 सितम्बर, 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

## सुप्रीम कोर्ट ने अभय चौटाला को दी राहत

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) नेता अभय चौटाला को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ दायर एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की याचिका खारिज कर दी। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें अभय चौटाला को 2008 में उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में जारी समन रद्द कर दिया गया था।

**क्या है मामला**
न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। अदालत रिटायर्ड अधिकारी परमवीर राठी द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के 19 दिसंबर, 2023 के आदेश को चुनौती दी गई थी। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी ने अगस्त 2008 में चौटाला और कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि अभय चौटाला और अन्य लोगों ने शिकायतकर्ता अधिकारी के खिलाफ मानहानिकारक बयान दिए थे, जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए थे, और इससे उनकी प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति हुई।

## मेघालय में एकसाथ 8 मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली**
उत्तर-पूर्वी राज्य मेघालय की राजनीति में मंगलवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। राज्य के आठ मंत्रियों ने एकसाथ इस्तीफा दे दिया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है।

**मंत्रिमंडल विस्तार से पहले इस्तीफा**
दरअसल, मेघालय में मंत्रिमंडल विस्तार होना है। यही वजह है कि आठ मंत्रियों ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया। इस्तीफा देने वालों में एएल हेक, पॉल लिंगदोह और अम्पारीन लिंगदोह सहित आठ मंत्रियों का नाम शामिल है।

# 2047 का विजन तभी सफल, जब देश हो नशा मुक्त: शाह

### नरेंद्र मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित: अमित शाह



**नई दिल्ली**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए देश का सुरक्षित होना जरूरी है और सुरक्षा तभी संभव है जब युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से बचाया जाए। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं और यदि वे नशे की चपेट में आ जाएंगे तो देश कमजोर हो जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई का पैमाना बड़ा किया जाए।

**जब्त ड्रग्स का नष्टिकरण**
शाह ने देशभर में जब्त की गई 4,794 करोड़ रुपये की ड्रग्स को नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू की। उन्होंने कहा कि एनसीबी जीएसटी विभाग, राज्य ड्रग्स नियंत्रकों, आयकर विभाग और वित्तीय संस्थानों से समन्वय कर रही है । ताकि ड्रग्स नेटवर्क की पूरी तस्वीर सामने लाई जा सके। उन्होंने इस लड़ाई को केवल सरकार की नहीं बल्कि पूरे समाज की लड़ाई बताया।

**युवा पीढ़ी ही सबसे बड़ी ताकत**
शाह ने कहा कि पीएम मोदी का विजन है कि 2047 तक भारत हर क्षेत्र में दुनिया का नंबर एक राष्ट्र बने। इसके लिए युवा पीढ़ी सबसे बड़ी ताकत है।


## ड्रग्स के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ें



दुनिया के कई हिस्सों में यह देखा गया है कि किसी राष्ट्र की प्रगति और ड्रग्स की चुनौती का सीधा संबंध है।
दुर्भाग्य से, जिन दो क्षेत्रों से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा ड्रग्स की सप्लाई होती है, वे भारत के नजदीक हैं। इसलिए यह समय है कि हम इस खतरे के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ें।

**ड्रग्स के तीन तरह के कार्टेल**
शाह ने कहा कि ड्रग्स के कारोबार में तीन तरह के कार्टेल सक्रिय हैं। पहला, वे कार्टेल जो देश के एंट्री पॉइंट्स पर काम करते हैं। दूसरा, वे जो एंट्री पॉइंट से राज्यों तक सप्लाई नेटवर्क संभालते हैं। तीसरा, वे छोटे स्तर के कार्टेल जो पान की दुकानों और मोहल्लों तक ड्रग्स बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों स्तरों पर सख्त प्रहार करना होगा और यह तभी संभव है जब अधिकारी इसे अपनी लड़ाई समझकर आगे बढ़ें।

## विदेशी तस्करों पर कार्रवाई



गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग्स कारोबार में शामिल विदेश में बैठे अपराधियों को कानून के दायरे में लाना अब बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इस दिशा में अच्छा काम किया है। शाह ने सभी प्रमुखों से अपील की कि वे सीबीआई से समन्वय कर प्रत्यर्पण की एक मजबूत व्यवस्था बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जो अपराधी जेलों में बंद हैं लेकिन वहीं से कारोबार चला रहे हैं, उनके खिलाफ भी कड़ा कदम उठाना होगा। गृह मंत्रालय इस पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लाने जा रहा है।

## देहरादून के कारलीगाढ़ में बाढ़ से तबाही, कई घर व दुकानें बही

**देहरादून**
उत्तराखंड में सोमवार रात भारी बारिश के चलते देहरादून जिले के सहस्त्रधारा क्षेत्र के कारलीगाढ़ के किनारे कई घरों मलबा समा गया। पर्यटक स्थल सहस्त्रधारा को भी नुकसान पहुंचा है। यहां कई दुकानें बह गई। सौंग नदी उफान पर है और इससे खतरा बना हुआ है। रायपुर केशर वाला में सड़क का करीब 90 मीटर हिस्सा भी ध्वस्त हो गया है। हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर लालतप्पड़ क्षेत्र में सीमा डेंटल कॉलेज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर



भारी बारिश के कारण पुलिया का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। राहत एवं बचाव दल मौके पर मौजूद हैं। बारिश का क्रम मंगलवार को भी जारी है। सोमवार रात तेज बारिश के बाद देहरादून जिले आपदा की चपेट में है। रायपुर क्षेत्र में मालदेवता चौकी से आगे केशरवाला मार्ग पर नदी का जलस्तर बढ़ने व तेज बहाव के कटाव से सड़क का लगभग सस्ता 80-90 मीटर हिस्सा बह गया है, जिस कारण मार्ग पर यातायात पूर्ण रूप से बाधित हो गया है।

## इजराइल का गाजा में बड़ा जमीनी सैन्य अभियान शुरू

**गाजा पट्टी।** इजराइल ने गाजा में आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा जमीनी सैन्य अभियान शुरू किया है। इन हमलों में 41 लोगों के मारे जाने का दावा किया गया है। गाजा शहर पर धीरे-धीरे नियंत्रण के साथ आगे बढ़ रही इजराइली सेना ने निवासियों से अन्यत्र चले जाने का आह्वान किया है। गाजा के अस्पतालों के अधिकारियों ने कहा कि रातभर हुए इजराइली हमलों में गाजा शहर में 37 मध्य गाजा में चार लोग मारे गए हैं। भ्रष्टाचार के मुकदमे का सामना कर रहे नेतन्याहू ने अदालत में अपना पक्ष रखने के दौरान कहा कि हमने कल गाजा में अब तक का सबसे बड़ा जमीनी सैन्य अभियान शुरू किया है।

## 'जीएसटी सुधारों से मिली छूटों का प्रमुखता से विज्ञापन करें'




**नई दिल्ली**
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने हाल ही में जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण खुदरा श्रृंखलाओं को मिली छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करने और विज्ञापन देने का निर्देश दिया है।भारतीय खुदरा विक्रेता संघ को भेजे गए पत्र में उद्योग व आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं को रसीद/बिल में जीएसटी कटौती को जीएसटी छूट के रूप में दर्शाना चाहिए और अधिक प्रभाव वाले उत्पादों पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। निर्देश में कहा गया, "अपने नेटवर्क के माध्यम से 'जीएसटी के कारण छूट' को प्रमुखता से प्रदर्शित और विज्ञापित करें। इसके लिए वे अपने खुदरा नेटवर्क के माध्यम से पोस्टर/फ्लायर्स और विज्ञापन (प्रिंट, टीवी और ऑनलाइन) का इस्तेमाल करें। विभाग ने यह भी सुझाव दिया है कि इस त्यौहारी सीजन के दौरान बिक्री के आंकड़ों पर नजर रखी जाए और विभिन्न माध्यमों से उन्हें उजागर किया जाए। 22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी में बदलाव लागू होने पर साबुन से लेकर कार, शैंपू से लेकर ट्रैक्टर और एयर कंडीशनर तक लगभग 400 उत्पादों की कीमतें कम होंगी। 22 सितंबर से जीएसटी स्लैब की संरचना बदल जाएगी। आम इस्तेमाल की वस्तुओं पर 5 प्रतिशत और बाकी सभी वस्तुओं पर 18 प्रतिशत का कर लगेगा। नई व्यवस्था में 12 और 28 प्रतिशत की मौजूदा दरें समाप्त कर दी गई हैं। नए जीएसटी ढांचे में, अधिकांश दैनिक खाद्य और किराना वस्तुएं 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत आएंगीं। ब्रेड, दूध और पनीर पर कोई कर नहीं लगेगा। केंद्रीय सरकार द्वारा 3 सितंबर को घोषित व्यापक जीएसटी सुधारों के तहत दवाओं पर टैक्स या तो पूरी तरह से छूट दिया गया है या सबसे निचली स्लैब पर लाया गया है।

> **जीएसटी छूट के रूप में दर्शाना चाहिए और उत्पादों पर ध्यान दिया जाना चाहिए**

## सुविधाएं नहीं दे सकते तो खत्म कर दें सभी ट्रिब्यूनल: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अगर सरकार ट्रिब्यूनल (अर्ध-न्यायिक निकाय) के सदस्यों को बुनियादी सुविधाएं नहीं दे सकती, तो इन सभी ट्रिब्यूनल को खत्म कर दिया जाए और उनके मामलों की सुनवाई हाई कोर्ट में कराई जाए। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज पोस्ट-रिटायरमेंट ट्रिब्यूनल में नियुक्ति लेने से हिचकिचा रहे हैं क्योंकि उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिलतीं। इस दौरान बेंच ने कहा, 'ये जज या तो हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस होते हैं या सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज। उन्हें स्टेशनरी तक के लिए बार-बार अनुरोध करना पड़ता है। आप इन पूर्व चीफ जस्टिस और जजों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं? जब सुविधाएं ही नहीं दे सकते तो ऐसे ट्रिब्यूनल बनाने का क्या फायदा?'

## शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य: सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कोर्ट जाएगी योगी सरकार



**लखनऊ**
सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश 'शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता' पर बेसिक शिक्षा विभाग को रिवीजन दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यूपी के शिक्षक अनुभवी हैं। समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है।
ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सीएम के इस निर्णय का स्वागत किया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्णय स्वागत योग्य एवं शिक्षक हित में है। उन्होंने अनुरोध किया है कि विभाग द्वारा रिवीजन में जाने से पूर्व एनसीटीई द्वारा यह भी स्पष्ट कराया जाए कि आरटीई-2009 के सेक्शन-23(2) का संशोधन आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर लागू नहीं होता है।

## महाराष्ट्र: 31 जनवरी 2026 तक निकाय चुनाव कराने का निर्देश



> **नई आरक्षण नीति उन 367 स्थानीय निकायों पर लागू नहीं होगी**

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 31 जनवरी, 2026 तक राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने महाराष्ट्र के अधिकारियों को इस साल 10 अक्तूबर तक राज्य में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष न्यायालय ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि 6 मई को जारी उसके तर्कसंगत आदेश के बावजूद राज्य चुनाव आयोग इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने में विफल रहा। तत्कालीन आदेश में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना चार सप्ताह के भीतर और चुनाव चार महीने के भीतर कराने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने अब महाराष्ट्र में स्थानीय चुनाव कराने के लिए कार्यक्रम निर्धारित करते हुए समय सीमा में और विस्तार दे दिया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस संबंध में आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा। इससे पहले 22 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग और महाराष्ट्र सरकार को स्थानीय निकायों की चुनाव प्रक्रिया के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। इससे पहले महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में शीर्ष अदालत के उस आदेश को वापस लेने की मांग की गई थी, जिसमें राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया गया था कि नई आरक्षण नीति उन 367 स्थानीय निकायों पर लागू नहीं होगी।

## बेटिंग एप मामले में युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को ईडी का समन



**नई दिल्ली**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को पूछताछ के लिए तलब किया है। उथप्पा को 22 सितंबर और युवराज को 23 सितंबर को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह मामला ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस से संबंधित है। उथप्पा फिलहाल एशिया कप 2025 की कमेंट्री टीम का हिस्सा हैं। दिल्ली में इस केस में अब तक चार पूर्व भारतीय क्रिकेटर तलब किए जा चुके हैं। इससे पहले, इस मामले में संघीय एजेंसी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ की थी। यह मामला 1७ड्डी३ नामक सट्टेबाजी एप प्लेटफॉर्म से जुड़ा है। ईडी पूछताछ के दौरान यह समझना चाहती है कि क्रिकेटरों की इस एप में क्या भूमिका रही है या संबंध रहे हैं।

## चंडीगढ़: 'नसबंदी अभियान' के बावजूद बढ़ा कुत्तों का आतंक?

### चंडीगढ़ में आवारा कुत्तों के काटने से जुड़ी अवमानना याचिकाएं अब सुप्रीम कोर्ट को भेजी जाएंगी



**चंडीगढ़**
पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने आवारा कुत्तों के काटने से जुड़े मामलों पर फैसला सुनाते हुए कहा कि इस संबंध में दायर अवमानना याचिकाएं अब सुप्रीम कोर्ट को भेजी जाएंगी। कोर्ट ने यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के मद्देनजर दिया है। जस्टिस विकास बहल ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त को आदेश पारित करते हुए सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और स्थानीय निकायों को एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों के पालन के लिए पक्षकार बनाया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि इस विषय से जुड़े सभी मामले, जो वर्तमान में अलग-अलग हाई कोर्ट में लंबित हैं, उन्हें एक साथ सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित किया जाए ताकि एकरूपता से विचार किया जा सके।

**सवालों के घेरे में कुत्तों की नसबंदी का कार्यक्रम**
हाई कोर्ट ने वर्ष 2015 में चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम को निर्देश दिया था कि 2013 में तैयार की गई आवारा कुत्तों के प्रबंधन की व्यापक योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। इस आदेश की अवहेलना का आरोप लगाते हुए कई अवमानना याचिकाएं दायर की गई थीं।

**जैश कमांडर ने भरे मंच से कबूला: ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर में हुए हमले में खूंखार आतंकवादी मसूद अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए**

## 'ऑपरेशन सिंदूर में टुकड़े-टुकड़े हुआ मसूद अजहर का परिवार'



**इस्लामाबाद**
ऑपरेशन सिंदूर के कई महीने बाद अब आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के कमांडर ने भी स्वीकार कर लिया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर में हुए हमले में खूंखार आतंकवादी मसूद अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए थे। जैश ए मोहम्मद के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**जैश कमांडर मसूद इलियास ने क्या कहा**
इस वीडियो में मसूद इलियास कश्मीरी ने बताया कि किस तरह से भारतीय सशस्त्र बलों ने उनके ठिकानों को निशाना बनाया और उन्हें तबाह कर दिया। वीडियो में मसूद इलियास कहते हुए सुनाई दे रहा है कि 'अपने देश की सीमाओं की हिफाजत के लिए हम दिल्ली में लड़े, काबुल और कांधार में लड़े। सबकुछ कुर्बान करने के बाद 7 मई को मौलाना मसूद अजहर के परिवार को तबाह कर दिया गया। भारतीय सुरक्षा बलों ने बहावलपुर में उन्हें टुकड़े-टुकड़े कर दिया।' जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की निर्मम तरीके से हत्या के बाद भारत ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद से जुड़े नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान ने भी बाद में स्वीकार किया कि नौ जगहों पर हमला हुआ। इनमें बहावलपुर, कोटली और मुरीदके जैसे आतंकी प्रशिक्षण केंद्र भी शामिल थे। बहावलपुर पाकिस्तान का 12वां सबसे बड़ा शहर है और इसे जैश ए मोहम्मद का गढ़ माना जाता है। **मसूद अजहर ने खुद किया था स्वीकार**
लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित, जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह, जिसे उस्मान-ओ-अली परिसर के नाम से भी जाना जाता है, में जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय स्थित है। जैश-ए-मोहम्मद का मुख्य केंद्र होने के कारण इसे निशाना बनाया गया। संयुक्त राष्ट्र ने मसूद अजहर को प्रतिबंधित किया हुआ है। मसूद अजहर ने 2000 के दशक की शुरूआत में जैश-ए-मोहम्मद का गठन किया। यह आतंकी संगठन पिछले दो दशकों में भारत में कई बड़े आतंकी हमलों को अंजाम दिया।

## कर्नाटक के राज्यपाल ने विधेयक लौटाया

**बंगलूरू**
कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राज्य में झीलों या तालाबों के आसपास के बफर जोन के आकार को कम करने वाला विधेयक सरकार को लौटा दिया है और सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है। हाल ही में कर्नाटक विधानसभा के दोनों सदनों में पारित कर्नाटक टैंक संरक्षण और विकास प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक में जलाशयों के क्षेत्रफल के आधार पर झीलों के बफर जोन को कम करने का प्रस्ताव है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा है कि उठाए गए मुद्दों पर राज्य सरकार से स्पष्टीकरण लेना जरूरी है।

# ओजोन परत की रक्षा केवल वैज्ञानिकों की नहीं हमारी सामूहिक जिम्मेदारी- अतिरिक्त मुख्य सचिव

**जयपुर, 16 सितंबर।** अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री आनंद कुमार ने कहा कि ओजोन परत हमें सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी (यूवी) विकिरणों से बचाती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम "विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक" यह दशार्ती है कि कैसे विज्ञान की चेतावनियों को हमने वैश्विक नीतियों और ठोस प्रयासों में परिवर्तित किया है। श्री कुमार ने कहा कि ओजोन परत की रक्षा केवल वैज्ञानिकों की नहीं हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।




अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री आनंद कुमार मंगलवार को विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर आरआईसी, जयपुर में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ओजोन परत में क्लोरोफ्लोरोकार्बन्स जैसी गैसों से हो रहे क्षरण को देखते हुए 1987 को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल लाया गया, जिसके तहत दुनिया ने मिलकर ओजोन को नुकसान पहुंचाने वाली रसायनों को चरणबद्ध रूप से खत्म करने का संकल्प लिया।

**पर्यावरणीय और सामाजिक-आर्थिक लाभ प्रदान कर रहा इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान–**

श्री कुमार ने कहा कि भारत सरकार ने पर्यावरणीय संरक्षण की कड़ी में मार्च 2019 में

इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान की शुरूआत की। यह दुनिया की पहली योजना है जो शीतलन आवश्यकताओं को ऊर्जा दक्षता, ओजोन परत की सुरक्षा और जलवायु नीति से जोडती है। उन्होंने बताया कि इसके तहत शीतलता के लिये उपलब्ध तकनीकों की पहचान के साथ ही वैकल्पिक तकनीकों, अप्रत्यक्ष उपायों और अलग प्रकार की तकनीकों की पहचान की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य 2037-38 तक रेफ्रिजरेंट की माँग को 20 से 30 प्रतिशत तक घटाना तथा एक लाख से अधिक तकनीशियनों को प्रशिक्षण एवं प्रमाणन प्रदान करना है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने बताया कि भारत ने कोप-26 में पांच बड़े संकल्प लिए है, इसे पंचामृत कहा गया है। इसके तहत वर्ष 2030 तक पांच प्रतिबद्धताओं की क्रियान्विति के लिए कदम उठाए जा रहे है। यह पांच प्रतिबद्धताएं है- सौ गीगावॉट नॉन-फॉसिल ईंधन उत्पादन क्षमता को प्राप्त करना, अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग पचास प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करना, कार्बन उत्सर्जन में लगभग एक अरब टन तक की कमी लाना, कार्बन इंटेंसिटी में लगभग पैंतालीस प्रतिशत की कमी करना व वर्ष 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना।

**जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव ला रहा "मिशन लाइफ"–**

श्री कुमार ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा शुरू "मिशन लाइफ" अभियान एक स्थायी और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक वैश्विक जन आंदोलन है जो व्यक्तिगत और सामूहिक जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान करता है। इसके अंतर्गत प्रो प्लैनेट पीपल जैसे नेटवर्क बनाने की पहल की गई है जिससे लोग जागरूक हो, अपने व्यवहारों में परिवर्तन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने करौली जिले के पदमपुरा में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पण



**जयपुर, 16 सितंबर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को करौली जिले के टोडाभीम पंचायत समिति के पदमपुरा ग्राम पंचायत में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को लोकार्पण कर ग्रामवासियों को सुपुर्द किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में 2 हजार 225 करोड़ रुपए के आधारभूत विकास कार्य प्रगतिरत हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। इसी दिशा में पदमपुरा में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कार्य को पूर्ण कर आधुनिक स्वास्थ्य सूविधाओं से युक्त पीएचसी ग्रामवासियों की सेवा में सुपुर्द की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामवासियों को मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाऐं गांव में ही उपलब्ध होगी। राज्य सरकार बिजली, पेयजल, शिक्षा, सड़क सहित सभी आवश्यक सेवाएं आमजन को उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के निवासियों की सेवा में समर्पित ग्राम सेवा शिविर, शहरी सेवा शिविर व सहकारिता अभियान संचालित किये जाएंगे। यह सेवा शिविर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक व सहकारिता अभियान 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएंगे। इन शिविरों में आमजन राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

## राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे क्षमापना पर्व और जैनाचार्य नित्यानंद सुरीश्वर अभिनंदन समारोह में शामिल हुए, क्षमापना भारतीय संस्कृति का आलोक पर्व- राज्यपाल



**जयपुर, 16 सितंबर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने क्षमापना पर्व को भारतीय संस्कृति बताते हुए कहा कि जो क्षमा करता है, वह महान होता है। उन्होंने क्षमा को जीवन का अंग बताने का आह्वान किया। उन्होंने जैनाचार्य नित्यानंद सुरीश्वर को नमन करते हुए उनके आदर्श अपनाने की आवश्यकता जताई। श्री बागडे मंगलवार को नागौर में क्षमापना पर्व और जैनाचार्य नित्यानन्द सूरीश्वरजी के पदमश्री से अलंकृत किए जाने के अभिनन्दन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आचार्य नित्यानंद जी के जीवनभर के समर्पण एवं अनुकरणीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समाजसेवा और धर्म के प्रति त्यागपूर्ण योगदान न केवल जैन समाज बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है। राज्यपाल ने जैन धर्म के मूल्यों–अहिंसा, परोपकार और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने स्वामी नित्यानंद जी को त्याग, साधना और करुणा का प्रतीकह्व बताते हुए कहा कि उनका जीवन समाज में सकारात्मक बदलाव का सशक्त उदाहरण है। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया तथा बिहार के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने भी स्वामी नित्यानंद जी के कार्यों की सराहना की।

## अलवर लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास हेतु दूसरी उच्च स्तरीय बैठक का नई दिल्ली में हुआ आयोजन

**जयपुर, 16 सितम्बर।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेंद्र यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा जहाजरानी मंत्री श्री नितिन गडकरी की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में श्री नितिन गडकरी के आवास पर अलवर लोकसभा क्षेत्र में सड़क तंत्र के विस्तार, सुदृढीकरण.व नये निर्माण कार्यों के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों व जिले के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित बांसवाड़ा यात्रा की तैयारियों को लेकर अहम बैठक-सभी विभाग आपसी समन्वय से तैयारियां शीघ्र करें

**जयपुर, 16 सितम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 25 सितम्बर को प्रस्तावित बांसवाड़ा यात्रा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अभय कुमार ने शासन सचिवालय में अहम बैठक लेकर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री कुमार ने कहा कि सफल आयोजन के लिए आपसी समन्वय से तैयारियों को शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने बांसवाड़ा में वीवीआईपी व अन्य के लिए आवास व्यवस्था, सभा स्थल तक पर आमजन की आवागमन व्यवस्था, चिकित्सक दल व एम्बुलेंस व्यवस्था, निर्बाध विद्युत व पेयजल आपूर्ति, चल शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।



अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क यात्रा के दौरान आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधाएं नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सड़क मरम्मत, सभा स्थल निर्माण, बैरिकेड्स, अग्निशमन वाहन, यातायात नियंत्रण, पार्किंग, सुरक्षा पास व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभा स्थल के हर ब्लॉक में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सभा स्थल पर खाद्य परीक्षण दलों की तैनाती, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को आयोजन का जिलों में सीधा प्रसारण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री प्रवीण गुप्ता, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री भास्कर.ए. सावंत, प्रमुख शासन सचिव श्री भवानी सिंह देथा, शासन सचिव डॉ. के.के. पाठक, श्री रवि जैन, डॉ. जोगाराम, श्रीमती शुचि त्यागी, श्रीमती अर्चना सिंह, आयुक्त पर्यटन श्रीमती रूक्मणि रियार सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, वीसी से उदयपुर संभागीय आयुक्त कुमारी प्रज्ञा केवलरमानी, उदयपुर रेंज महानिरीक्षक पुलिस श्री गौरव श्रीवास्तव, बांसवाड़ा जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव और पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी उपस्थित थे।

## सुरताल कला महोत्सव का भव्य आयोजन, उपमुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**जयपुर, 16 सितम्बर।** जवाहर कला केंद्र और अंजना वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सुरताल कला महोत्सव का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दीप प्रज्वलन कर किया और जेकेके में लगाई गई कला प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक मंच न केवल कलाकारों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि समाज को कला एवं संस्कृति के प्रति अधिक संवेदनशील और जागरूक भी बनाते हैं। हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने और आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है।




**10 दिवसीय कला-संस्कृति उत्सव–**

सुरताल कला महोत्सव का आयोजन 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक किया जा रहा है। यह 10 दिवसीय उत्सव कला और संस्कृति का अद्वितीय संगम है, जिसमें कठपुतली एवं थिएटर, नृत्य और संगीत, चित्रकला, कल संवाद एवं संगोष्ठियों जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित होंगी।

**कला साधकों का सम्मान–**

महोत्सव के अंतर्गत राजस्थान की प्रतिष्ठित कला हस्तियों का सम्मान भी किया जाएगा। इनमें पद्मश्री तिलक गीती, प्रसिद्ध कलाकार युसूफ खान सहित अन्य कला साधक शामिल हैं। महोत्सव की विशेष कार्यशालाएँ सरकारी विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी आयोजित की जाएँगी

## प्रमुख शासन सचिव ने की सहकार सदस्यता अभियान की तैयारियों की समीक्षा

जयपुर, 16 सितम्बर। सहकारिता विभाग द्वारा आगामी 2 से 15 अक्टूबर तक प्रदेश भर में सहकार सदस्यता अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग द्वारा वृहद् स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों का आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रीमती राजपाल ने कहा कि अभियान को सफल बनाने तथा आशानुरूप परिणाम प्राप्त करने के लिए अभियान पूर्व तैयारियां निर्धारित समय में एवं निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सुनिश्चित करनी होंगी। उन्होंने तैयारियों की खण्डवार समीक्षा करते हुए इसमें गति लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि यह अभियान राज्य में सहकारिता का विस्तार करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसर होगा। अभियान के अंतर्गत प्रमुख रूप से पांच गतिविधियां सम्पादित की जाएंगी,

जिनमें नवीन पैक्स के गठन हेतु प्रस्ताव व सदस्यता राशि प्राप्त करना तथा स्वीकृति जारी करना, प्रस्तावित नये सहकारिता कानून के प्रावधानों की जानकारी देना, पैक्स/डेयरी सहकारी समितियों में युवाओं व महिलाओं के लिए विशेष सदस्यता अभियान चलाना, पीएम किसान योजना के अंतर्गत लम्बित आवेदनों की ई-केवाईसी व आधार सीडिंग कराकर इनका निस्तारण करना तथा नवीन गोदामों के लिए आवश्यकता के अनुरूप जमीन चिह्नीकरण किया जाना शामिल हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान में अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए सबकी भागीदारी और जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए पूरी सक्रियता से प्रयास किये जाएं।

## राजस्थान महिला निधि को एनसीडीसी से मिली ?3,000 करोड़ की ऋण सुविधा– ग्रामीण महिलाओं को 1.5% वार्षिक दर पर मिलेगा ऋण

**जयपुर, 16 सितंबर। राज्य सरकार** की ह्लराजस्थान महिला निधिह्व योजना ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस योजना के तहत राजीविका स्वयं सहायता समूहों (रत्नऋ) और उनकी सदस्याओं को आसान, सुलभ और त्वरित ऋण दिया जाता है ताकि वे अपना व्यवसाय शुरू या विस्तारित कर सकें और परिवार की आमदनी बढ़ा सकें। योजना की जानकारी देते हुए श्रीमती नेहा गिरि, राज्य मिशन निदेशक (रटऊ), राजीविका, ने बताया कि महिलाएं 40,000 रुपये तक का ऋण मात्र 48 घंटे में प्राप्त कर सकती हैं, जबकि इससे अधिक राशि 15 दिनों में स्वीकृत होती है। यह योजना राजस्थान के सभी 41 जिलों में लागू है और लगभग 4 लाख रत्नऋ समूहों व करीब 45 लाख ग्रामीण परिवारों तक पहुँच चुकी है। गरीब, निराश्रित और वंचित महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाती है। डिजिटल आवेदन और न्यूनतम कागजी कार्यवाही होने से प्रक्रिया बेहद सरल है। योजना के विस्तार के लिए राज्य सरकार ने नेशनल को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) से 3,000 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा प्राप्त की है।

## 108 आपातकालीन सेवा एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएँ अत्यावश्यक सेवा घोषित आगामी 6 माह तक हड़ताल पर प्रतिबंध

**जयपुर, 16 सितम्बर।** राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार आपातकालीन सेवाओं की हड़ताल से जन स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए 108 आपातकालीन सेवा, 104 जननी एक्सप्रेस, ममता एक्सप्रेस तथा 104 चिकित्सा परामर्श सेवाओं एवं कॉल सेंटर्स सेवाओं को आगामी छह माह तक अत्यावश्यक सेवाएँ घोषित किया गया है। गृह विभाग के उप शासन सचिव श्री महेश कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इन सेवाओं को 19 सितम्बर, 2025 से आगामी 6 माह के लिए अत्यावश्यक सेवा घोषित कर इस समयावधि में हड़ताल को प्रतिबंधित किया गया है।

## खातीपुरा रेलवे स्टेशन और जगतपुरा रेलवे फाटक के पास कार्रवाई कर 300 किलो खराब लड्डू नष्ट किए, नमूने लिए

**जयपुर, 16 सितम्बर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे "शुद्ध आहार– मिलावट पर वार" अभियान के अंतर्गत मंगलवार को आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन में राजधानी जयपुर में बड़ी कार्रवाई की गई।

## कृषि विभाग द्वारा उर्वरक फर्मों का निरीक्षण कर की कार्यवाही

**वरिष्ट पत्रकार –सुमरन सिंह, बारां**

बारां, 17 सितंबर। मंगलवार को कृषि आयुक्तालय पंत कृषि भवन जयपुर से पधारे उपनिदेशक (उर्वरक) नवल किशोर मीणा, सहायक निदेशक (उर्वरक) भगवान सहाय तथा कार्यालय अतिरिक्त निदेशक कृषि (वि) खण्ड कोटा से उपनिदेशक कृषि सत्येन्द्र पाठक व कृषि अनुसंधान अधिकारी नरेश कुमार शर्मा एवं परीक्षण प्रयोगशाला कोटा उपनिदेशक कीटनाशी डॉ. एस. आर. मीणा तथा जिला कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) सहायक निदेशक शिवराज मीणा, कृषि अधिकारी चन्द्रप्रकाश गुर्जर एवं धनराज मीणा उप परियोजना निदेशक (आत्मा) द्वारा जिले में निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा मेसर्स ड्रोलिया फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स बारां, कृषि बाजार रिटेल शोप तथा आदर्श इन्टरप्राईजेज बारां का निरीक्षण करते हुए खाद, पेस्टीसाइड का स्टॉक रजिस्टर का गोदाम में उपलब्ध स्टॉक का मिलान किया गया। मैसर्स ड्रोलिया फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स पर निरीक्षण समय मौजूद पकंज गोयल द्वारा उर्वरक के स्टॉक तथा बिल बाउचर टीम को प्रस्तुत किए गए। फर्म परिसर में यूरिया, डीएपी, पोटाश, एनपीके का उपलब्ध स्टॉक शून्य पाया गया। कृषि बाजार परिसर में यूरिया- 21 मेट्रिक टन डीएपी 31 मीट्रिक टन, एमओपी 200 मेट्रिक टन, एसएसपी अंकुर गोल्ड-377 मै.टन एवं माईकोराईजा - 4 मैटन स्टॉक गोदाम में उपलब्ध मिला जिसका पॉस से मिलान किया गया। इसके अलावा आदर्श इंटरप्राइजेज फर्म पर निरीक्षण कार्यवाही करते हुए बीज में धान ए-वन कम्पनी के 460 कि.ग्रा. लॉट नम्बर व्बज-24-।वदम-16 की बिक्री पर रोक तथा वैभव सीड्स का सोयाबीन बीज के लॉट नम्बर व्बज-24-12- टै 11 ज्स् के 32 बैग तथा उर्वरक बेन्टोनाइट सल्फर के 16 बैग की बिक्री पर रोक लगाई गई। निरीक्षण दौरान उर्वरक के एक नमूना व कीटनाशी के तीन नमुने आहरित किये गए। साथ ही निरीक्षण के दौरान सभी परिसरों पर मूल्य सूची बोर्ड, स्टॉक बोर्ड और पीओपी सिफारिश अनुसार संतुलित उर्वरक उपयोग बोर्ड प्रदर्शित पाए गए।

## अन्ता उपचुनाव के लिए सेक्टर व पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न




**वरिष्ट पत्रकार –सुमरन सिंह, बारां**

बारां, 17 सितम्बर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रस्तावित विधानसभा उपचुनाव 2025 अन्तर्गत मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) दिव्यांशु शर्मा की अध्यक्षता में जिला परिषद हॉल में सेक्टर अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस उप अधीक्षक राजेश चौधरी भी उपस्थित रहे।

वहीं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्ता के मतदान दलों के प्रशिक्षण का कार्य अतिशीघ्र ही प्रारम्भ होने वाला है, इसके लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर (डीएलएमटी) द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, अन्ता, किशनगंज, बारां-अटरू व छबड़ा के समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर (एएलएमटी) को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अति. जिला कलक्टर ने बताया कि मतदान दलों के प्रशिक्षण से पूर्व समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर (एएलएमटी) को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर (डीएलएमटी) द्वारा 17 सितंबर 2025 बुधवार को दोपहर 12:15 बजे जन सेवा केन्द्र जिला परिषद में मतदान दलों के कार्य प्रणाली से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबंधित (डीएलएमटी), (एएलएमटी) नियत तिथि व समय पर प्रशिक्षण के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण प्रकोष्ठ जिला परिषद (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) राजवीर सिंह चौधरी प्रशिक्षण से संबंधित समस्त व्यवस्था सुनिश्चित कर डीएलएमटी से सभी एएलएमटी को प्रशिक्षण करवाएं।

## आमजन की समस्याओं का अंतिम पड़ाव बनेंगे ग्रामीण सेवा शिविर

## – बुधवार से होगा शिविरों का आगाज, प्रशासन ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**जयपुर, 16 सितम्बर। मुख्यमंत्री श्री भज**नलाल शर्मा के निदेर्शों की अनुपालना में जयपुर जिले में 17 सितंबर से शहरी सेवा शिविर एवं ग्रामीण सेवा शिविर अभियान का शुभारंभ होगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को अधिक से अधिक ग्रामीणों को इन शिविरों के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री देवेंद्र कुमार जैन ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविरों का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं को गांव स्तर तक पहुंचाना और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इन शिविरों में रास्ते खोलना, आपसी सहमति से विभाजन एवं नामान्तरण, लम्बित नोटिसों की तामीली एवं फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण करवाया जाना, मूल निवास, जाति प्रमाण-पत्र एवं स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व पट्टे बनाना एवं वितरण करना, किसान गिरदावरी एप द्वारा गिरदावरी करवाने के साथ-साथ दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना हेतु 10 हजार और गांवों का बीपीएल सर्वे एवं पशुओं की जांच, इलाज एवं टीकाकरण जैसे कार्य किये जाएंगे

## पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर और बिट्स, पिलानी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**जयपुर, 16 सितम्बर** । राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, जोबनेर और बिट्स, पिलानी के बीच सोमवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। रुवास, जोबनेर के कुलगुरू डॉ. त्रिभुवन शर्मा और बिट्स, पिलानी के कुलपति प्रो. वी. रामगोपाल राव ने इस पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के तहत भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बिट्स, पिलानी में स्थापित क्षेत्रीय टेक्नोलॉजी एनेबलिंग सेन्टर और पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय नवाचार प्रबंधन और संवर्धन, प्रौद्योगिकी विकास, व्यवसायीकरण क्षमता विकास, कौशल और प्रशिक्षण, संयुक्त कार्यशाला, नेटवर्किंग और आउटरीच, क्लस्टर विकास गतिविधियों आदि में आपसी सहयोग करेंगे। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के निदेशक (अनुसंधान) प्रो. बलवन्त नत्थुजी मेश्राम तथा बिट्स, पिलानी के निदेशक प्रो. सुधीरकुमार बरई और रजिस्ट्रार कर्नल (रि.) सोम्यब्रत चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

# बरोट-बंदराना स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हासिल की बड़ी सफलता



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** शहीद विकास भारद्वाज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बरोट-बंदराना के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के एन.एस.क्यू.एफ. स्किल (आई.टी. एवं एग्रीकल्चर) के अंतर्गत विद्यार्थियों ने उद्यमिता विषय पर आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता 16 सितम्बर को सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में जिला उपायुक्त प्रीति, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी एवं जिला युवा समन्वयक अधिकारी की देखरेख में सम्पन्न हुई। इसमें जिले के प्रत्येक विद्यालय से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया था। प्रतियोगिता में जिले के सभी विद्यालयों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार एचसीएस अधिकारी ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।सामान्यतः किसी एक विद्यालय का एक भी स्थान पाना कठिन होता है, वहीं शहीद विकास भारद्वाज विद्यालय ने दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में उपलब्धि हासिल कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।सिवानी पुत्री अमरीक सिंह (कक्षा 12वीं नॉन-मेडिकल, आई.टी.) ने स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 3100 रुपए का नगद पुरस्कार जीता। काजल पुत्री नरसी राम (कक्षा 12वीं नॉन-मेडिकल, आई.टी.) ने बिजनेस आइडिया प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर 1100 रुपए का पुरस्कार प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी मेहनत और लगन से न केवल स्वयं को बल्कि पूरे विद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं। विद्यालय के एन.एस.क्यू.एफ. आई.टी. स्किल शिक्षक विवेक बंसल ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी किसी से कम नहीं हैं और भविष्य में भी उन्हें नई-नई प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। वहीं एन.एस.क्यू.एफ. एग्रीकल्चर स्किल शिक्षक अर्जुन सिंह ने कहा कि मेहनत और लगन से किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। विद्यालय के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस मौके पर स्कूल की ओर से राजेंद्र सिंह पीजीटी इंग्लिश, मोनिका आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जयपुर में निगम के फैसले के खिलाफ स्थानीय लोगों का विरोध



**जयपुर नगर निग**म हेरिटेज ने जयपुर शहर के बीच में स्थित बस्सी सीतारामपुरा नेहरू नगर में पिछली कांग्रेस सरकार में बने 18 आवासीय पट्टे निरस्त कर दिए, इसको लेकर स्थानीय निवासियों में भविष्य को लेकर काफी रोश है उनका कहना है कि पिछले 60 वर्ष से लोग निवास कर रहे हैं भाजपा की सरकार लोगों के साथ अन्याय कर रही है जिन लोगों को पिछली कांग्रेस सरकार ने पट्टे जारी किए थे उन पट्टों को फर्जी पट्टा बता कर के सरकार ने निरस्त कर दिया इसके अंदर कमिश्नर निधि पटेल और महापौर कुसुम यादव को ढंग से पूरी जांच करनी चाहिए थी और ऊपर लेवल पर इसे निर्देश के लिए भेजना चाहिए था क्योंकि निवासियों का कहना है कि यह अधिकार कोर्ट के पास है कि गलत पाए जाने पर कोर्ट उन्हें निरस्त करें स्थानीय निवासियों ने इस कॉलोनी को बसाई जाने के उसे समय की सरकार के आदेश भी दिखाए

## नागरिकों का जीवन और राष्ट्र की अखंडता सर्वोपरि

## सिख जत्थों पर प्रतिबंध क्यों उचित है ?



गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सिख जत्थों को पाकिस्तान जाने की अनुमति न देने के केन्द्र सरकार के निर्णय ने राजनीतिक हलकों में बहस छेड़ दी है। कुछ लोग इसे श्रद्धालुओं की धार्मिक स्वतंत्रता से जोड़ रहे हैं, परंतु यदि इतिहास और मौजूदा सुरक्षा परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाए तो यह निर्णय न तो नया है और न ही किसी समुदाय के विरुद्ध। वस्तुतः यह कदम श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का प्रतीक है। पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों की यात्रा कभी भी सरल नहीं रही। 1947 के विभाजन ने ननकाना साहिब, कर्तारपुर सहित अनेक पवित्र स्थल भारत से अलग कर दिए। सरहदें बंद हो गईं और लाखों श्रद्धालुओं की पहुँच लगभग असम्भव हो गई। 1965 के युद्ध के बाद जसर जैसे पुलों के टूटने से सीमापार यात्रा पूरी तरह रुक गई।
जून 2019 में लगभग 150 श्रद्धालुओं को अटारी सीमा पर सुरक्षा कारणों से रोकना पड़ा। मार्च 2020 से नवंबर 2021 तक कोविड महामारी के चलते कर्तारपुर कॉरिडोर बंद रहा। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के बाद कॉरिडोर तत्काल बंद कर दिया गया और जत्थों को लौटना पड़ा।
जून 2025 में गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर लाहौर जाने वाले जत्थे को भी अनुमति नहीं दी गई। इतिहास बताता है कि जब भी राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में रही है, तीर्थयात्रा को स्थगित करना अपरिहार्य हो गया। पाकिस्तान एक ओर खुद को सिख धरोहर का रक्षक दिखाता है, दूसरी ओर अपने अल्पसंख्यकों के साथ उसका रवैया अमानवीय रहा है। मंदिरों को तोड़ा गया, जबरन धर्म परिवर्तन हुए और गुरुद्वारों की उपेक्षा की गई। भारत से जाने वाले जत्थों को भी अक्सर खालिस्तानी एजेंडे का सामना करना पड़ा है। यह आस्था नहीं, बल्कि राजनीतिक चाल है। पहलगाम आतंकी हमले और हालिया ऑपरेशन सिंदूर के बाद हालात बेहद संवेदनशील हैं। ऐसे समय में बड़ी संख्या में नागरिकों को पाकिस्तान भेजना सुरक्षा से खिलवाड़ होता। कुछ लोग इसकी तुलना भारतझ्पाक क्रिकेट मैचों से करते हैं, परंतु फर्क साफ है खिलाड़ी विशेष सुरक्षा घेरे में जाते हैं, जबकि श्रद्धालु खुले माहौल में होते हैं और आसानी से निशाना बनाए जा सकते हैं। सिख समाज हर दौर में राष्ट्र की रक्षा और एकता के लिए अग्रणी रहा है। यह समुदाय भलीभांति जानता है कि राज्य का पहला कर्तव्य नागरिकों की सुरक्षा है। विभाजन ने यात्राएँ रोकीं, युद्ध और आतंकवाद ने भी। आज की पाबंदी उसी क्रम की एक कड़ी है–श्रद्धा पर नहीं, बल्कि सुरक्षा की जिम्मेदारी पर आधारित। गुरुद्वारे हमारे लिए सदा पवित्र रहेंगे। आस्था का प्रकाश कभी मंद नहीं होगा। परंतु यह भी सत्य है कि नागरिकों का जीवन और राष्ट्र की अखंडता सर्वोपरि है। सरकार का निर्णय इसी संतुलन का परिणाम है, इसलिए यह प्रतिबंध न केवल उचित, बल्कि आवश्यक भी है।

## सांसद खेल महोत्सव को लेकर जिन्दल हाउस कैथल में हुई बैठक

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर आज जिन्दल हाउस कैथल में एक बैठक हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला कैथल के सभी स्टेडियम, खेल नर्सरी, खेल प्रशिक्षण संस्थान, स्कूल, कॉलेज और शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों और युवाओं को सांसद खेल महोत्सव के लिए प्रेरित करना और इसमें उनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।
सांसद नवीन जिन्दल के दिशा निदेशों पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना है। इस बैठक में सांसद नवीन जिन्दल की टीम के सदस्यों और कार्यकताओं ने भाग लिया और इन खेलों के सफल आयोजन के लिए मंथन किया गया। सांसद नवीन जिन्दल का उद्देश्य है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का हर युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके और राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करे। बैठक में महोत्सव के आयोजन से जुड़ी सभी जानकारी विस्तारपूर्वक साझा की गई। खेल महोत्सव में किस प्रकार से रजिस्ट्रेशन करना है, कौन-कौन से खेल आयोजित होंगे और प्रतिभागियों को किस तरह से अवसर मिलेगा। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिला कैथल के सभी स्कूलों, कॉलेजों, खेल संस्थानों और गांव स्तर पर खेल नर्सरी तक सांसद खेल महोत्सव की जानकारी पहुंचाई जाएगी। हर स्तर पर युवाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल ने अभी पिछले दिनों गुहला हल्के के दौरे में भी सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने की अपील की थी। सांसद नवीन जिन्दल स्वयं एक खिलाड़ी हैं, खेलों में कई रिकॉर्ड उनके नाम दर्ज हैं। उनका मानना है कि युवाओं को नशे से दूर करने के लिए उन्हें खेलों से जोड़ना बहुत जरूरी है। खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि जीवनशैली, स्वास्थ्य और अनुशासन का प्रतीक है। खेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

**सांसद नवीन जिन्दल के दिशा निदेशों पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना है। इस बैठक में सांसद नवीन जिन्दल की टीम के सदस्यों और कार्यकताओं ने भाग लिया और इन खेलों के सफल आयोजन के लिए मंथन किया गया। सांसद नवीन जिन्दल का उद्देश्य है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का हर युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके और राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करे**

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास मॉडल को दुसरे राज्यों ने स्वीकार किया है -- पूर्व विधायक राजकिशोर सिंह



**देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**

वैशाली जिले गोरौल गंडक आई बी में मंगलवार को पूर्व विधायक राजकिशोर सिंह ने जदयू कार्यकताओं की बैठक आयोजित की ।पुर्व विधायक ने बैठक में दर्जनों लोगों को जदयू की सदस्यता दिलाई । बैठक में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमर ने हर वर्ग के लिए काम किए हैं। जिसका परिणाम यह है कि दूसरे राज्यो की सरकारें भी बिहार विकास मॉडल को स्वीकार किया । उसी तरह काम करना शुरू किया है। जाति-धर्म से ऊपर उठ कर कार्य करने का कृतिमान स्थापित किया है। अभी हाल में सभी परिवारों को 125 यूनिट बिजली फ्री किया।सामाजिक सुरक्षा पेसंन में बढ़ोतरी की। इसमे सभी वर्गो को फायदा हुई है।कार्यकर्ताओ का उत्साह देखने लायक था। जब उपस्थित कार्यकर्ताओ ने नारेबाजी शुरू कर दी 'नीतीश कुमार जिन्दाबाद"वैशाली का विधायक कैसा हो राजकिशोर सिंह जैसा हो नारे गूँजने लगी । इसमे सबसे ज्यादा अल्पसंख्यक समुदाय के लोग शामिल हैं। बैठक में सैकड़ो जदयू कार्यकर्ता शामिल थे.इसके पहले वैशाली,पटेढ़ी बेलसर में पूर्व विधायक बैठक कर कर चुके हैं। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम जदयू के मात्र एक सिपाही है।अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को भी बताया।अधिकारियों पर अंकुश लगाकर रखा। मेरा प्रयास रहा कि सभी समाज को एक साथ लेकर चले। हम इसमे सफल भी रहे यही कारण है कि आज भी वैशाली की जनता हमसे सच्चे मन से प्यार करते हैं।बैठक में मुख्यरूप से गोरौल के पूर्व प्रमुख सुशील कुमार,पूर्व उपप्रमुख मोहन प्रसाद चौरसिया,पैक्स अध्यक्ष शम्भू , सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह , रौशन सिंह , शमशाद अहमद , इकबाल वारिस , राकेश कुमार सिंह ,सन्तोष पासवान, सकलदेव पासवान,,रौशन सिह , अनिल कुमार सिंह,मो अंसार ,रामजी सहनी, जितेंद्र कुमार महतो,प्रभु सहनी रघुनाथ महतो मोहम्मद नुरैन मो कैफ समेत अन्य उपस्थित थे।

## लूट की घटना को अंजाम देने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 16 सितंबरः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )** श्री हरमनदीप सिंह हंस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला एसएएस नगर, ने सौरव जिंदल, पुलिस अधीक्षक (जांच), तलविंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), जतिंदर सिंह चौहान, उप-पुलिस अधीक्षक (जांच) जिला एसएएस नगर, निरीक्षक हरमिंदर सिंह, प्रभारी सीआईए के निदेर्शानुसार जिला मोहाली पुलिस द्वारा बदमाशों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान, पुलिस टीम ने 06/07-09-2025 की मध्यरात्रि को गाँव सेखन माजरा में घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को तेजधार हथियारों से घायल कर लूटपाट करने वाले 04 में से 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।



अधिक जानकारी देते हुए श्री सौरव जिंदल ने बताया कि दिनांक 07-09-2025 को कुलवंत सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी गांव सेखन माजरा, थाना आई.टी. सिटी, मोहाली के बयानों के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा नंबर 120 दिनांक 07-09-2025 धारा 115(2), 305, 307, 331(4), 351(2), 3(5) बी.एन.एस. थाना आई.टी. सिटी, मोहाली में दर्ज किया गया कि दिनांक 06/07-09-2025 की मध्य रात्रि को वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था तो करीब 01:15 बजे उसने अपने बेटे लखविंदर सिंह और उसकी पत्नी की चीखें सुनी। उसके छप्पर की लाइट बंद थी, जब वह अपने बेटे के कमरे की तरफ जाने लगा तो उसे एक व्यक्ति ने पकड़ लिया जिसके पास पिस्तौल और तेजधार हथियार थे। एक व्यक्ति ने उससे कहा कि अगर शोर मचाया तो गोली मार दूंगा, तो उसके बेटे ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो उन लोगों ने उसके बेटे लखविंदर सिंह के सिर व बाजुओं पर दरांती से वार कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और बाजुओं की नसें कट गईं। जिन्होंने उसके परिवार को घायल कर दिया और घर में रखे सोने के गहने, नकदी आदि लूट लिए। चोटों के कारण उसका बेटा 07 दिनों से चीमा अस्पताल फेज-4, मोहाली में दाखिल है।
चूंकि यह एक गंभीर अपराध है, इसलिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला एसएएस नगर के आदेशानुसार उक्त मामले की जांच सीआईए स्टाफ को सौंपी गई और उक्त मामले में आरोपियों का पता लगाने और आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए। जिस पर इंसः हरमिंदर सिंह इंचार्ज सीआईए और उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए तकनीकी और मानव संसाधनों की मदद से मामले में 04 आरोपियों को नामजद किया है, 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है

## धनौरी में चला पॉलिथीन मुक्त अभियान, ग्रामीणों को किया जागरूक

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव धनौरी में ग्राम पंचायत द्वारा पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सरपंच कपिल, ग्राम पंचायत सदस्य एवं स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने मिलकर ग्रामीणों को पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया।
कार्यक्रम के दौरान ग्राम सचिव संदीप कुमार, एसबीएस के खंड संयोजक नरेंद्र चौशाला, राहुल, विक्रम आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहे।
अभियान के दौरान ब्लॉक कॉर्डिनेटर नरेंद्र सिंह ने कहा कि पॉलिथीन का प्रयोग न केवल पर्यावरण बल्कि पशुओं और मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे पॉलिथीन का उपयोग पूरी तरह से बंद करें और इसके स्थान पर कपड़े व जूट के थैले अपनाएं। ग्राम पंचायत ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि गांव को स्वच्छ और पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जाएंगे। इस दौरान पिरथी मास्टर, बीरा राम, बिट्टू चौकीदार, सफाई कर्मी वीरभान और राजेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों में शमशेर, रामदिया ठुलेद्दार, गजे सिंह फौजी और अन्य लोगों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

## दशहरा होगा और भी खास -सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी ट्रेलर लॉन्च

**जित मुम्बईः-** लव, लाफ्टर और फैमिली मैजिक की एक भव्य दावत। सेटिंग एकदम बिग फैट इंडियन शादी! जहां रोमांस है, कॉमेडी है और त्योहारों वाली चमक-दमक भी। ये फिल्म पुराने जमाने वाले फैमिली एंटरटेनर का असली मजा वापस लाने का वादा करती है।
स्टेलर कास्ट झ वरुण धवन, जाह्नवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अक्षय ओबेरॉय और मनीष पॉल - मतलब मस्ती और इमोशन्स का रोलरकोस्टर राइड पक्का। डायरेक्टर शशांक खेतान अपनी स्पेशलिटी झ इमोशन और ह्यूमर के साथ लौटे हैं। करण जौहर बोले, ह्लफैमिली एंटरटेनर हमारी स्टोरीटेलिंग का दिल है। ये फिल्म साथपन और खुशी का सबसे बड़ा जश्न है। शशांक खेतान : ये फिल्म थिएटर में फैमिली को साथ लाने के लिए बनाई गई है। इसमें रिश्ते हैं, म्यूज़िक है और वो नॉस्टैल्जिया है जो दिल छू जाए।
प्रोड्यूसर्स हीरू यश जौहर, करण जौहर, आदर पूनावाला, अपूर्वा मेहता और शशांक खेतान झ लाए हैं ये सबसे स्पेशल रिलीज। कैलेंडर मार्क कर लो झ इस दशहरा, 2 अक्टूबर 2025 को, ह्यसनी संस्कारी की तुलसी कुमारीह्व के साथ सिनेमाघरों में होगा प्यार और फैमिली का सबसे ग्रैंड सेलिब्रेशन!

## विधायक सेखों ने तलवंडी रोड नहरों पर बने पुल को यातायात के लिए अस्थायी रूप से खोला

**फरीदकोट, 16 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन** कुमार, साहिल रहेजा ) बाबा फरीद जी के वार्षिक आगमन पर्व को ध्यान में रखते हुए, तलवंडी रोड स्थित नहर पुल को अस्थायी रूप से यातायात के लिए खोल दिया गया है। यह जानकारी विधायक श्री गुरदत्त सिंह सेखों ने दी।
इस अवसर पर अपने संबोधन में, विधायक श्री सेखों ने कहा कि बाबा फरीद आगमन पर्व के दौरान हजारों श्रद्धालु फरीदकोट आते हैं, इसलिए यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुल का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुल के अस्थायी रूप से खुलने से शहर में यातायात कम होगा और आने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी।उन्होंने कहा कि सरकार/जिला प्रशासन ने आगमन पर्व को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुविधाजनक तरीके से मनाने के लिए उचित व्यवस्था की है।
विधायक स. सेखों ने कहा कि मेले के बाद पुल का बचा हुआ काम पूरा कर लिया जाएगा और पुल जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फरीदकोट में विकास कार्य इसी तरह जारी रहेंगे। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन अमनदीप सिंह बाबा, नगर पार्षद विजय छाबड़ा, गुरप्रीत सग्गू, सरपंच गुरशरण सिंह, सरपंच राजदीप सिंह, सरपंच बलजीत सिंह, मनजिंदर सिंह, राजिंदर सिंह रिंकू, प्रीतम सिंह, सुरिंदर सिंह साधावाला, अमरजीत सिंह, सरबजीत सिंह बराड़, रवदीप सिंह घोनीवाला, गुरजंट सिंह चीमा, गुरजीत मचाकी, गुरमेल सिंह और गुरप्रीत सिंह धालीवाल आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार में लिप्त एम्स के मुख्य सुरक्षा प्रबंधक के खिलाफ

**बठिंडा16 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
बठिंडा की सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार भलाई मंत्री जेपी नडडा से एम्स के मुख्य सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण कार्रवाई की जाने अपील की है। मंत्री को लिखे पत्र में अकाली दल की वरिष्ठ नेता ने कहा कि डिप्टी कमिशनर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई है कि कैसे मुख्य सुरक्षा अधिकारी मंजीत सिंह ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए महिला सुरक्षाकर्मी को अनुचित संबंधों के लिए मजबूर किया। उन्होने बताया कि अप्रैल 2024 मसे इस संबंध में एम्स प्रबंधन को कई नोटिस और रिमाइंडर भेजने के बावजूद रिपोर्ट जमा नही की गई थी। बीबा बादल ने कहा कि यौन उत्पीड़न में लिप्त होने के बारण अपनी पिछली नौकरी से बर्खास्त किए गए अधिकारी ने इस जिम्मेदारी से हटाए जाने के बावजूद संदिग्ध कंपनियों के माध्यम से एम्स में भर्ती करना जारी रखा। बठिंडा सांसद ने कहा कि मंजीत सिंह पर नए भर्ती किए गए सुरक्षाकर्मियों से 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने का भी आरोप है, जिन्हें 40 स्थायी सुरक्षाकर्मियों की जगह भर्ती किया गया और जिन्हें बाद में पांच महीने के अन्दर ही मनमाने ढ़ंग से बर्खास्त कर दिया गया। उन्होने पत्र में लिखा ये कार्रवाई न केवल घोर भ्रष्टाचार के बराबर है बल्कि संस्था की अखंडता से भी समझौता करती है। उन्होने कहा ऐसा लगता है कि अधिकारी को उच्च अधिकारियों द्वारा बचाया जा रहा है, जो इस भ्रष्टाचार में उसके साथ शामिल हो सकते हैं।

## पंजाब सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान शुरू किया - दलबीर सिंह टोंग

**बाबा बकाला साहिब, 16 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
**पंजाब सरकार ने बाढ़ के कार**ण फैली गंदगी को साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर सफाई अभियान शुरू किया है। आम आदमी पार्टी के बाबा बकाला से विधायक दलबीर सिंह टोंग ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के आदेशानुसार इस अभियान के लिए 100 करोड़ रुपये आरक्षित किए गए हैं। श्री टोंग ने कहा, "सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों का सामान्य जीवन जल्द से जल्द बहाल करना है। इसके लिए 10 दिनों के भीतर 2300 प्रभावित गाँवों में मलबा साफ किया जाएगा और मृत पशुओं का उचित निपटान किया जाएगा।"

## ज़िला प्रशासन ने धान की पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया

## - कंबाइन हार्वेस्टर पर एसएमएस सिस्टम अनिवार्य होगा

**अमृतसर, 16 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
2025 के धान कटाई सत्र की शुरूआत के साथ ही ज़िला प्रशासन ने धान की पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे भूमि की उर्वरता नष्ट हो रही है, धुएँ से प्रदूषण हो रहा है और खेतों के किनारों पर पेड़ों के सड़ने से प्रदूषण हो रहा है। अमृतसर के अतिरिक्त ज़िला मजिस्ट्रेट, श्री रोहित गुप्ता ने भारतीय नागरिक संरक्षण अधिनियम, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी आदेशों में कहा कि पराली जलाने से भूमि के उपयोगी जीवन का नुकसान हो रहा है, जो भूमि के लिए अत्यंत लाभदायक है, और इससे भूमि की उर्वरता कम हो रही है। इसके अलावा, सड़कों के आसपास कचरा जलाने से यातायात बाधित होता है और कई दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इससे गाँवों में लड़ाई-झगड़ों का भी डर बना रहता है। जिससे सीधे तौर पर किसानों को नुकसान होता है और अप्रत्यक्ष रूप से देश के उत्पादन पर असर पड़ता है। अतः जनपद में पराली जलाने से रोकने के लिए, जिन क्षेत्रों में बेलिंग नहीं की जाती है, वहाँ धान की कटाई के दौरान कंबाइन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस/सुपर एसएमएस मशीन का उपयोग अनिवार्य होगा।

## जाब सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गाँवों में पशुपालकों को पशुचारा वितरित करने का कार्य जारी है। मुहर खीवा भवानी में पशुचारा वितरित किया गया - नरिंदर पाल सिंह सावना

**फाजिल्का 16 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
फाजिल्का विधायक श्री नरिंदर पाल सिंह सावना बाढ़ से जूझ रहे सीमावर्ती गाँवों के लोगों का हालचाल जानने और राहत सामग्री पहुँचाने स्वयं गाँवों में पहुँच रहे हैं। उन्होंने मुहर खीवा भवानी गाँव पहुँचकर लोगों की समस्याएँ सुनीं, जहाँ उन्होंने पशुपालकों को पशुचारा वितरित किया और लोगों से कहा कि इस कठिन समय में वे लोगों के साथ हैं। इस अवसर पर विधायक नरिंदर पाल सिंह सावना ने कहा कि जलस्तर दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है, लेकिन जब तक सीमावर्ती गाँवों के लोगों का जीवन आसान नहीं हो जाता, वे लोगों के बीच आकर राहत सामग्री पहुँचाते रहेंगे। इस दौरान उन्होंने स्वयं ग्रामीणों को पशुओं के लिए चारा वितरित किया, जिसके लिए ग्रामीणों ने उनका आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे घबराएँ नहीं। मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने लोगों को आश्वासन दिया है कि जिन लोगों की फसलों, घरों और मवेशियों को नुकसान हुआ है, उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस प्राकृतिक आपदा में लोगों के साथ है और इसके अलावा ज़िला प्रशासन, विभागीय कर्मचारी सभी हमारे लिए मौजूद हैं। ग्रामीणों को हर तरह की चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।

# विधि एवं कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने जयपुर शहर भाजपा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित किया

**अजय सिंह (चिंटू)**

**जयपुर–** राजस्थान सरकार के विधि एवं कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जयपुर शहर भाजपा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आम जनता के हित में और कर सुधारों ने देश को विकास के पथ पर मजबूती से अग्रसर किया है। पैश्चात्य सरकारों एवं यूपीए शासनकाल के समय ळअ प्रणाली जटिल और अपारदर्शी थी, और वहां ह्लइंस्पेक्टर राजह्व व्याप्त था। लेकिन मोदी सरकार ने इसे सरल, पारदर्शी एवं जनउपयोगी बना दिया है, जिसमें ह्लएक देश-एक करह्व का सिद्धांत लागू हुआ है। उन्होंने दावा किया कि मोदी जी ने



दीपावली से पहले ही आम जनता के लिए कर सुधारों की दीपावली बना दी है। पटेल ने बताया कि रोजमर्रा की जरूरी चीजों पर कर दरें 5% या शून्य कर के स्तर पर ले आई गयी हैं। दवाइयों एवं ऑक्सीजन के दरे भी घटे हैं। ऋ्रळ की चार अलग-अलग स्लैबों को घटाकर अब सिर्फ दो स्लैब (5% और 18%) कर दी गई है, जिससे कर व्यवस्था और भी सरल हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि वाहन खरीदना अब लगभग 10% सस्ता हो गया है; ह्लट्रैक्टर से लेकर टॉफी तकह्व हर चीज पर यह लाभ पहुँच रहा है। करदाताओं की संख्या अब डेढ़ करोड़ हो गयी है। ज्ञात हो कि ऋ्रळ संग्रह 2014-15 के बाद से बढ़कर ?11 लाख करोड़ से ?22 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया है (वित्त वर्ष 2024-25)। प्रेस वार्ता में जोगाराम पटेल ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की नीतियों ने महंगाई दर को नियंत्रण में रखा है, और विकास दर तेजी से बढ़ रही है, जिससे भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जयपुर शहर भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की हर योजना के केंद्र में गरीब जनता है, उनकी हर नीति की शुरूआत उन लोगों से होती है जिन्हें सहायता की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सरकार ने करोड़ों गरीबों को मकान दिए हैं और 12 करोड़ शौचालय बनाए हैं।

इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत की संयोजक रेखा राठौड, ठी७३- की संयोजक अजय यादव, सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक नवरत्न नाराणिया सहित जिले के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने मिलकर प्रेस वार्ता में आये पत्रकारों के सवालों का संतोषजनक उत्तर दिया।

## शहरी सेवा शिविर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक नगर पालिका परिसर में



**सुरज वर्मा**

**शाहपुरा जि**ला मुख्यालय के शाहपुर नगर पालिका क्षेत्र में शहरी सेवा शिविर नगर पालिका परिसर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजीत किया जाएगा जानकारी के अनुसार नगर पालिका आयुक्त रिंकल गुप्ता ने बताया किउक्त शिविर जनहित के लिए कार्य सम्पादित किये जायेगे जिसमें मुख्यतः शहर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनायेजाने हेतु सम्पूर्ण शहर की साफ-सफाई, सीसी / डामर सड़क मरम्मत व पेचवर्क के कार्य, शहरी निकायों में स्ट्रीट लाईटो को दुरूस्त किया जायेगा, अंधेरी / सुनसान सड़को पर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य,

प्रमुख चौराहो, डिवाईडरो, पार्क एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का रखरखाव, यू.डी. टेक्स जमा करवाने का कार्य, लीज हॉल्ड से फ्री हॉल्ड पट्टे जारी किये जाने का कार्य, नालियों की मरम्मत, फेरोकवर व मैनहॉल्स की मरम्मत, शिविर लाईन के लिकेज की मरम्मत, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन / फायर एनओसी,ट्रेड लाईसेंस, साईनेज लाईसेंस सीवर कनेक्शन, ओ.एफ.सी मोबाईल टॉवर एनओसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र आदि जारी करना, अनुमोदित योजनाओं के पट्टे / 69ए के पट्टे, उपविभाजन, पूर्नगठन / भूउपयोग

परिवर्तन/नामान्तरण/खांचा भूमि / लीज मुक्ति प्रमाण पत्र / भवन निर्माण स्वीकृति आदि प्रकरणों कानिस्तारण, विभिन्न विभागों की फ्लेगसिप जनहित योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति जारी कीजायेंगी, विद्यालय, आंगनबाडी एवं अन्य सार्वजनिक भवनों की मरम्मत एवं सौन्दर्यकरण, अटल पेंशनयोजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन आदि के आवेदन प्राप्त कर आम जनता को लाभान्वितकिया जायेगा। पीएम और सीएम स्वनिधी योजना के लक्ष्यअनुरूप नये आवेदन प्राप्त किये जायेगें एवंलम्बित आवेदन प्रकरणों को ऋण वितरण किया जायेगा।

## पानी भराव से सैकड़ो पौधों का जीवन संकट में शासक प्रशासक बेखबर

**सुरज वर्मा**

शाहपुरा जिला उपखंड मुख्यालय के प्रतापपुर पंचायत क्षेत्र में पर्यावरण को बचाने के लिए शिक्षकों द्वारा सैकड़ो पौधे लगाए गए और उनकी तन मन धन से सार संभाल कर पालन पोषण किया लेकिन शासन और प्रशासक के अधिकारी और जनप्रतिनिधि की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण सैकड़ो पौधों की सांस रुकने में है जानकारी के अनुसार प्रतापपुर गांव के शिक्षकों द्वारा राज्य सरकार कर्मचारी अधिकारी एवं आमजन द्वारा सैकड़ो पौधे लगाए गए लेकिन ज्यादा बारिश के कारण पौधे वाले क्षेत्र में पानी का भराव हो गया और पौधे गैलन लगे ग्रामीण एवं अध्यापकों द्वारा पौधारोपण क्षेत्र से श्रमदान एवं आपसी सहयोग से पानी भराव को खाली करवाया लेकिन तालाब के नजदीक होने से वापस पानी भर गया विद्यालय प्रशासन ने शिक्षा विभाग उपखंड विधायक जनप्रतिनिधि एवं पंचायत के प्रशासक को पत्र भी लिखा और संज्ञान भी करवाया लेकिन बेसुध लापरवाह पंचायत एवं अधिकारियों ने कड़ी मेहनत से लगाए पौधों को संरक्षक नहीं दे पा रहे हैं समस्या का निदान पानी भराव क्षेत्र मैदान है नाली बनाकर पानी का निकास हो सकता है और सैकड़ो पौधों की जान बच सकती है पानी के कारण पौधों का कलर काला होना आरंभ हो गया साथ ही पानी भराव से दुर्गंध एवं बीमारियां फैलने का खतरा छात्रों के दुर्घटनाग्रस्त हादसा होने की आशंका व्यक्ति की जा रही है साथ ही अनदेखी की वजह से आमजन के पानी की सप्लाई जल मिशन पीने के पानी की टंकी से संक्रमण फैलने की संभावना ग्रामीणों सहमै एवं डरे हुए हैं प्रशासक थोड़ा सा ध्यान दे दे तो सैकड़ो पौधे एवं सरकार द्वारा व्यय आमजन का अनहोनी आशंकाओं से बचा जा सकता है

## आगामी बिहार विधानसभा निर्वाचन- 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान ने किया वज्र गृह-सह-मतगणना केंद्र एवं डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान,16 सितंबर 2025 मंगलवार को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन एवं मानक के अनुरूप समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने की तैयारी जिला प्रशासन स्तर पर निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 16 सितंबर 2025 मंगलवार को जिलाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक सिवान श्री मनोज कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से निवार्ची पदाधिकारी, संबंधित अधिकारियों की टीम के साथ डीएवी उच्च विद्यालय -सह- राजकीय इंटर कॉलेज सिवान , डीएवी कॉलेज सिवान, भी एम हाई स्कूल सिवान, दरोगा राय कॉलेज सिवान परिसर में विभिन्न प्रस्तावित स्थलों का भ्रमण कर वज्र गृह, मतगणना केंद्र एवं डिस्पैच सेंटर की तैयारी का जायजा लिया।

# सिवान जिले पहली बार वोट करने वाले नए मतदाताओं में खास उत्साह देखा गया...

**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**

पहली बार वोट करने वाले नए मतदाताओं में खास उत्साह, सिवान जिले के विभिन्न बूथों पर मोबाइल डेमो वैन से हाथों-हाथ अभ्यास कर एश्टझ्रश्श्ढअळ की पारदर्शिता जानी और आत्मविश्वास के साथ मतदान के लिए जताई पूरी तैयारीह्व

सिवान, 16 सितंबर 2025 मंगलवार।



आगामी बिहार विधान सभा चुनाव झ्र 2025 को लेकर सिवान जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज भी जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन (टउश्न) घूम-घूम कर मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं। इन वैनों में मतदाताओं ने अपने मतदान बूथ पर पहुँचने जैसी वास्तविक परिस्थिति में एश्ट और श्श्ढअळ का रियल टाइम प्रशिक्षण लिया और मॉक पोल करके मतदान की पूरी प्रक्रिया समझी।

इसी क्रम मे बड़ी संख्या में मतदाताओं ने टउश्न से प्रशिक्षण लिया। यहाँ मतदाताओं ने न केवल बटन दबाकर वोट डालने की प्रक्रिया को देखा, बल्कि श्श्ढअळ से निकलने वाली पर्ची के जरिए मतदान की पारदर्शिता का भी अनुभव किया। मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग के पहल को सराहा मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को मतदाताओं द्वारा खूब सराहा जा रहा है। मतदाताओं का कहना है कि अब मतदान प्रक्रिया पूरी तरह स्पष्ट हो गई है।

**नए मतदाताओं में खास जोश**

इस पहल से खासकर पहली बार वोट करने वाले युवा मतदाता बेहद उत्साहित हैं। वे हाथों-हाथ (ँल्लरि-ङ्मल्ल) अनुभव प्राप्त कर रहे हैं और मतदान प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझ रहे हैं। युवाओं ने बताया कि यह चुनाव आयोग की एक सराहनीय पहल है। अब हमें मतदान दिवस पर किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। हम आत्मविश्वास के साथ **वोट डाल पाएँगे।**

# अणगौर के उप स्वास्थ्य केंद्र का होगा अपना भवन

**सुमेरपुर, 16 सितंबर**। अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर सदैव प्रयत्नशील रहे सुमेरपुर विधायक व केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत के प्रयासों से चिकित्सा के क्षेत्र में एक और अध्याय जुड़ गया है। इसी बजट सत्र-2025-26 में सुमेरपुर ब्लॉक के अणगौर गांव में स्वीकृत हुए उप स्वास्थ्य केंद्र का संचालन अब अपने स्वयं के भवन में होगा। इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत भवन निर्माण के लिए 41 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। विधायक के प्रयासों से पहले उप स्वास्थ्य केंद्र व अब इसी केंद्र के भवन निर्माण के लिए राशि मंजूर होने पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं, स्थानीय ग्रामीणों और चिकित्सा विभाग के स्टाफ ने उनका आभार



व्यक्त किया है। इस राशि से लेबर रूम, वेटिंग हॉल, ओपीडी रूम, वार्ड, स्टाफ क्वार्टर व शौचालय आदि का निर्माण किया जाएगा।

आपको बता दें वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र भवन में संचालित इस पीएचसी में निरंतर रोगियों की बढती संख्या को देखते हुए यहां स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर से मुलाकात कर भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करवाई। मंत्री श्री कुमावत ने स्थानीय ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बजट जारी करने पर सीएम श्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर का आभार जताया है।

## सेक्टर पदाधिकारी का द्वितीय प्रशिक्षण सत्र डॉ अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में आहूत किया गया

**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान,**16सितंबर 2025 मंगलवार को डॉ अंबेडकर भवन, सिवान के संवाद कक्ष में आसन्न विधानसभा निर्वाचन 2025 के तहत सिवान जिले के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी का द्वितीय प्रशिक्षण सत्र द्वितीय दिन आयोजित किया गया। सेक्टर ऑफिसर प्रतिनियुक्ति के साथ ही सीधे चुनाव आयोग के अधीन हो जाते हैं। सेक्टर पदाधिकारी का कार्य निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका दायित्व सबसे पहले शुरू होकर अंत तक रहता है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश ने आज दिनांक 16 सितंबर 2025 को डॉ अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में आयोजित सेक्टर पदाधिकारीगण एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी चुनाव की धुरी हैं। क्षेत्र में आप ही प्रशासन की आंख और कान हैं । वलनरेबल क्षेत्र और क्रिटिकल बूथ की करें पहचान जिलाधिकारी ने कहा कि सबसे पहले आपको वलनरेबल क्षेत्र और क्रिटिकल बूथ की पहचान करनी है। इसके लिए उन्होंने विभिन्न मापदंड को विस्तार से बताया। कहा कि आपके पास आवंटित किए गए बूथों का नजरी नक्शा, रूटचार्ट और कम्युनिकेशन प्लान होना चाहिए। सभी मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर भौतिक सत्यापन करें। इस दौरान एएमएफ और पहुंच पथ आदि की रिपोर्ट पूरी करें। इलाके का भ्रमण करते हुए आसूचना एकत्र कर भेद्यता मानचित्रण करें।प्रदान किए गए फॉर्मेट में स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करें। क्योंकि इसके आधार पर ही कार्रवाई होती है

## भाजपा नेता गजानंद कुमावत ने किया पोस्टर का विमोचन

**दांतारामगढ़**। निकटवर्ती गांव बासड़ी कला स्थित शहीद हेमाराम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आगामी 20 सितंबर, शनिवार सुबह 10:15 बजे शहीद हेमाराम निठारवाल की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित होगा। इसी को लेकर भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत ने मंगलवार को पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर कुमावत ने दांतारामगढ़ की जनता से अपील की कि अधिक से



अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करें। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में ममता सिंह निठारवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुमन वर्मा, बासड़ी पंचायत समिति सदस्य श्रीराम वर्मा, उप सरपंच नेमीचंद निठारवाल, ग्राम सेवा सहकारी समिति डायरेक्टर पवन निठारवाल, मोटाराम वर्मा, राजेश निठारवाल, बजरंग लाल निठारवाल, विनोद कुमार, शंकरलाल, तनसुख सिंह, महेंद्र फौजी, नवदीप जाटोलिया, परमेश्वर यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जिला पदाधिकारी सिवान डॉक्टर आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2025-26 की बैठक कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई।

**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान,16 सितंबर 2025 मंगलवार को जिला पदाधिकारी सिवान सह अध्यक्ष आयोजन समिति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता 202526 की बैठक समाहरणालय अवस्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। बैठक में मार्गदर्शिका के आलोक में चार दिवसीय प्रतियोगिता कार्यक्रम की तिथि 04 अक्टूबर 2025 से 07 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता बालक/ बालिका के लिए आयु (व)14 वर्ष,(व)17 वर्ष एवं (व)19 वर्ष तक के लिए कैटगरी निर्धारित की गई है। उक्त प्रतियोगिता में कुल 17 खेल यथा- एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल, हैंडबॉल, भारोत्तोलन , कराटे ,रग्बी, खो-खो, शतरंज, योगा, कुश्ती, वुशु, हॉकी, तायक्वांडो,क्रिकेट (बालक) एवं वॉलीबॉल खेल का आयोजन किया जाएगा। आयोजन मुख्य रूप से राजेंद्र स्टेडियम, डीएवी कॉलेज सिवान, भी एम इंटर कॉलेज का मैदान, विज्ञानानंद केंद्रीय विद्यालय चनौर(जीरादेई) के मैदान में एवं खेल भवन -सह- व्यायाम शाला सिवान में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## 28 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ ही एक पीकप को जप्त किया

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

**बलिगांव** थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव स्थित एक ग्रामीण सड़क से 28 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ ही एक पीकप को जप्त किया है जबकि पुलिस को देखते ही तस्कर एवं पीकप चालक भागने में सफल रहा। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात बलिगांव थाना की पुलिस क्षेत्र में गस्त कर रही थी इसी क्रम में हबीबपुर गांव स्थित ग्रामीण सड़क पर एक पीकप आता दिखाई दिया। एवं पुलिस की गाड़ी देख कर पीकप को खड़ी कर रात्रि का लाभ उठा कर पीकप छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस पीकप को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली तो पीकप से 28 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। बरामद शराब एवं पीकप को पुलिस थाने लाकर उसके नम्बर के आधार पर पीकप मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है एवं तस्कर की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है।

## जोबनेर पीजी कॉलेज में धूमधाम से फ्रेशर पार्टी, तनुश्री बनीं मिस फ्रेशर और रूपेंद्र बने मिस्टर फ्रेशर

**अजय सिंह (चिंटू)**
**जोबनेर**




जोबनेर पीजी महाविद्यालय में मंगलवार को नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत हेतु भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नवागंतुक विद्यार्थियों का तिलक व मिठाई से स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। प्रतियोगिता के विभिन्न राउंड्स के पश्चात तनुश्री कंवर ने मिस फ्रेशर तथा रूपेंद्र प्रजापत ने मिस्टर फ्रेशर का खिताब अपने नाम किया। रैंप वॉक, बिंदी गेम, बलून गेम, साड़ी-साफा गेम और चिट गेम जैसे रोचक सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों को खूब रोमांचित किया और पूरे माहौल को यादगार बना दिया। आयोजन प्रभारी बृजमोहन शर्मा एवं सह-प्रभारी बाबूलाल कुमावत ने पूरी व्यवस्था को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और महाविद्यालय ही वह मंच है जो जीवन को सही दिशा देता है। इस अवसर पर निदेशक नवल किशोर शर्मा, संस्था सचिव राम मोहन शर्मा सहित शिव भगवान शर्मा, रिचा महर्षि, नीलेश शर्मा, राधा गौड़, सीमा हरित, भागचंद चौधरी, राजू कुमावत, हंसराज जाजोरिया, तनु सैन, बोदु राम जाट, रेखा माहेश्वरी, निकिता कुमावत, ज्योति दाधीच, मनीष शर्मा, दीपक पारीक, देवेंद्र राव, कल्पना कुमावत, शीशपाल नेहरा, रमेश कुमावत, विनोद प्रजापत आदि गणमान्यजन मौजूद रहे।

## कांग्रेस के आंदोलन से घबराई भाजपा, फसल मुआवजे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में जवाब देने में नाकाम

**सुरज वर्मा**

**शाहपुरा भीलवाड़ा** ज़िले में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर द्वारा जिले के विभिन्न हिस्सों में किसानों के हितों को लेकर चलाए जा रहे फसल



मुआवजा जन अधिकार आंदोलन की तैयारियों ने भाजपा नेताओं की नींद उड़ा दी है। आंदोलन की बढ़ती गूंज के बीच आज पहली बार जिले में सांसद और विधायकों को फसल मुआवजे के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने पर विवश होना पड़ा।प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों ने जब किसानों के मुआवजे से जुड़े सवाल पूछे तो विधायक स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। पत्रकार सवाल कुछ और पूछ रहे थे जबकि जवाब इधर-उधर दिए जा रहे थे।किसानों का गत वर्ष भी फसल खराबा हुआ था, राजस्थान के अन्य जिलों में किसानों को मुआवजा दे दिया गया, लेकिन भीलवाड़ा जिले में अब तक किसानों को राहत नहीं मिली। कई दिनों तक कैंप लगाकर किसानों से दस्तावेज जमा करवाए गए थे, बावजूद इसके अब तक मुआवजा नहीं मिलने से किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

## संतोषपुर स्टेशन पर भीषण आग, दर्जनभर दुकानें खाक, रेल सेवाएँ प्रभावित

**रमेश राय**
**कोलकाता।**

शियालदह-बजबज शाखा के संतोषपुर स्टेशन पर मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। सुबह करीब 6:45 बजे 1 नंबर प्लेटफॉर्म से सटे एक जूते की दुकान से आग की शुरूआत हुई और देखते ही देखते यह लपटें आसपास की कई दुकानों में फैल गईं। आग की चपेट में



आकर लगभग 10 से 12 दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। इनमें कपड़े, खिलौने, चाय और अन्य सामान बेचने वाली दुकानें शामिल थीं। घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्री दहशत में आ गए। तुरंत ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई। आग के कारण शियालदहझ्रबजबज रूट पर ट्रेन सेवाएँ गंभीर रूप से प्रभावित हुईं। बाद में स्थिति कुछ नियंत्रित होने पर शियालदह से मझेरहाट के बीच सीमित रूप से ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ और सुबह 9:30 बजे के बाद सेवाएँ सामान्य हो गईं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दमकल देर से पहुँचा और संकरी गलियों की वजह से इंजन स्टेशन तक नहीं पहुँच सका। दमकलकर्मियों को करीब 100 मीटर दूर गाड़ी खड़ी कर 2 नंबर प्लेटफॉर्म के ऊपर से पाइप डालकर आग बुझाने का काम शुरू करना पड़ा। हालांकि दमकल विभाग का कहना है कि संकरी सड़क के कारण ही यह स्थिति बनी। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। दुकानों के अंदर ज्वलनशील सामग्री रखी होने से आग तेजी से फैल गई। सही कारण जानने के लिए जांच जारी है। गौरतलब है कि इसी साल मार्च में भी संतोषपुर स्टेशन पर इसी तरह का विनाशकारी अग्निकांड हुआ था, जो प्लेटफॉर्म से सटी दुकानों से ही शुरू हुआ था।

# क्या आप भी खा रहे हैं नकली चावल इन आसान तरीकों से पहचानें मिलावट



**डेली रूटीन में भारतीय घरों में चावल ज्यादातर लोगों की थाली का अहम हिस्सा होता है, लेकिन कई बार इसमें मिलावट और चावल प्लास्टिक के होने का दावा भी किया जाता है. ये कितना सच है? आप कैसे सही और मिलावटी चावलों की पहचान कर सकते हैं चलिए जान लेते हैं.**

आजकल बाजार में ज्यादातर चीजों में मिलावट आने लगी है, और कई फूड्स में केमिकल भी मिलाए जाते हैं. इस वजह से हेल्थ को लेकर लोगों की चिंता बढ़ी रहती है. मार्केट में नकली चावल नकली चावल आने के दावे भी कई बार किए जाते हैं, यानी ऐसे चावल जो फसल के जरिए धान में से नहीं निकाले जाते हैं, बल्कि कृत्रिम रूप के बनाए जाते हैं, ये देखने में बिल्कुल असली चावल की तरह होते हैं. इससे आपकी सेहत को काफी ज्यादा नुकसान हो सकता है. जैसे पेट की समस्याएं, एलर्जी और गंभीर लंबी बीमारियां होना.

कई बार सोशल मीडिया पर कहा जाता है कि मार्केट में प्लास्टिक के चावल भी आते हैं, लेकिन इसको लेकर Fssai यानी भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ये साफ कर चुका है प्लास्टिक के चावल मार्केट में नहीं आ रहे हैं. हालांकि PUBMED के मुताबिक, कच्चे या पके हुए चावलों में पॉलीस्टाइनिन (एक तरह का केमिकल) की मौजूदगी हो सकती है.चलिए जान लेते हैं कि आप सही और खराब चावलों की पहचान कैसे कर सकते हैं.

प्लास्टिक के चावल मार्केट में बिकने लगे हैं, इसको लेकर कई तरह की जांचें की गई हैं, जिसमें पाया गया है कि ये सिर्फ एक मिथ है. इसके बावजूद कुछ लैब टेस्ट ऐसे भी रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि प्लास्टिक जैसे पदार्थ चावलों में पाए गए हैं. इसके अलावा भी चावलों में कई तरह के केमिकल मिलाए जाते हैं जैसे यूरिया.

**पानी से करें टेस्ट**

एक गिलास या फिर गहरे बर्तन में पानी भरें. इसके बाद इसमें चावल डालें. अगर आपके चावल तैर रहे हैं तो वो मिलावटी हो सकता हैं या फिर खराब हो चुके हैं. हालांकि ये इस बात का प्रूफ नहीं है कि ये चावल पूरी तरह से नकली हैं.

बर्न टेस्ट करके देखें

चावलों की किसी चम्मच या फिर स्टील की प्लेट पर रखकर जलाकर देखें. इसमें से बदबू आ रही हो या फिर ये सीधे काले होने लगें तो मिलावट हो सकती है. जबकि असली चावल चलाने पर गोल्डन ब्राउन होने लगते हैं और शुरुआत में इसमें खुशबू आती है बाद में जलने की गंध.

**उबालकर बनावट चेक करें**

आप चावलों को उबालकर देख सकते हैं अगर ये बहुत ज्यादा चिपचिपे हो रहे हैं और रबर जैसे खिंच रहे हो तो मिलावट हो सकती है, लेकिन इसके पीछे की वजह चावलों में ज्यादा स्टार्च की उपस्थिति भी होती है जो चावलों की कुछ प्रजातियों में पाई जाती है, जिससे बाउन्स जैसे बन जाता है.

**पफ राइस में यूरिया**

पफ्ड राइस यानी मुरमुरे में कई बार यूरिया मिलाया जाता है. उसे सिंपल तरीके से टेस्ट कर सकते हैं. इस वीडियो में एफएसएसएआई द्वारा बताया गया तरीका भी घर पर आसानी से आजमाया जा सकता है जिसमें लिटमस पेपर से टेस्ट किया गया है.

# मोदी को जेन जी नेपाल में रंग रोगन करता दिख रहा है सरकार बदलता नहीं दिखा!






अखिलेश यादव ने बड़ी चेतावनी दी है। समझने की जरूरत है। देश का युवा निराशा में है। महंगी पढ़ाई लिखाई के बाद भी कोई काम नहीं। आपको बताते हैं एमबीबीएस करने के बाद डाक्टर प्राइवेट नर्सिंग होमों में तीस चालीस हजार रुपए महीने की नौकरी करने पर मजबूर हैं। उनके जाब की कोई नीति नहीं। दूसरी तरफ गांवों में डाक्टर नहीं। सरकारी हेल्थ सिस्टम पूरी तरह खत्म हो गया है। सब कुछ प्राइवेट हाथों में।

राष्ट्रवाद देशभक्ति का पर्याय नहीं हो सकता। देशभक्ति का मतलब है देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा। सुप्रीम सेक्रिफाइज मतलब खुद को बलिदान कर देने की भावना। लेकिन राष्ट्रवाद का मतलब है अपने स्वार्थों के लिए दूसरे को तकलीफ देना। परपीड़ा से अपने समर्थकों को सुख का अहसास करना।सैमुअल जानसन ने ऐसे ही नहीं कहा था कि राष्ट्रवाद दुष्ट की अंतिम शरण स्थली है। जानसन अंग्रेजी के प्रसिद्ध साहित्यकार, आलोचक और अंग्रेजी का पहला शब्दकोश बनाने वालों में थे। उन्हें आधुनिक शब्दकोश का जनक भी कहा जाता है। सैमुअल जानसन ने यह प्रसिद्ध उक्ति ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विलियम पिट के संदर्भ में कही थी। जिनके बारे में कहा जाता है कि वे हमेशा श्रेष्ठता का भाव प्रदर्शित करते रहते थे। अपनी कमियों को छुपाने के लिए देशभक्ति का गलत इस्तेमाल करते रहते थे।यह अठाहरवीं सदी की बात है। वही समय जब दुनिया एक नए दौर में प्रवेश कर रही थी। फ्रांसिसी क्रान्ति का समय जिसने सबसे बड़ा राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तन लाया। राजशाही के अंत की शुरूआत हुई। लोकतंत्र की अवधारणा आई और राष्ट्रवाद एवं देशभक्ति में फर्क समझने की शुरूआत हुई।क्या फर्क है दोनों में? देशभक्ति एक स्वाभाविक सकारात्मक भावना मानी जाती है। अपने देश से प्रेम उसके लिए सम्मान। इसमें यह नहीं कहा जाता कि मेरे आने के बाद देश महान हुआ है। उससे पहले यह शर्मनाक स्थिति में था। मेरे से पहले के प्रधानमंत्रियों ने सब गलत काम किए। मैं जो भी करता हूं सब सही करता हूं।लद्दाख के गलवान में घुस कर चीन हमारे 20 सैनिकों को शहीद कर जाता है मगर हम कहते हैं कि न कोई घुसा था, न कोई है! पहलगाम में हमारे 26 निर्दोष नागरिकों की पाकिस्तान से आए आतंकवादी हत्या कर देते हैं उसके खिलाफ किए हमारे आपरेशन सिंदूर को अचानक अमेरिका का राष्ट्रपति ट्रंप रोक देता है, फिर पचास प्रतिशत टैरिफ भी लगा देता है और हम फिर भी उसे क्लोज फ्रेंड और नेचुरल पार्टनर बताते हुए उसका समर्थन करते रहते हैं। पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने को भी तैयार हो जाते हैं मतलब सब करते हैं लेकिन हम महान हैं दोष सारा नेहरू और राहुल गांधी का है। इसे देशभक्ति नहीं कहते।

असली देशभक्ति और राष्ट्रवाद का नारा लगाने में यही फर्क है। राष्ट्रवाद का सबसे बड़ा उदाहरण हिटलर था। दूसरों में कमियां देखना। और उसके जरिए अपने लोगों में उनके प्रति नफरत पैदा करना। यहुदियों के खिलाफ नफरत फैलाना ही उसका मुख्य उद्देश्य था। और यह श्रृंखला एक ऐसी है कि खत्म नहीं होती। अब यहुदियों के नाम पर बना देश इजराइल यही कर रहा है। नफरत का यह सिलसिला वे जारी रखे हुए हैं जो इसके सबसे बड़े शिकार रहे। आज इजराइल दुनिया का सबसे बड़ा आतंकवादी देश बना हुआ है। भारी हिचकिचाहट और इधर उधर जाने के बाद मोदी सरकार को भी अभी यूएन में इजराइल के खिलाफ वोट करना पड़ा। नहीं तो अभी तो भारत में वे किसी को फिलिस्तीन का नाम लेने पर जेल भेज रहे थे। लेकिन गलत रास्ते पर हमेशा चलते रहना नहीं हो सकता। मोदी सरकार को चीन और रूस के साथ फिलिस्तिन के साथ आना पड़ा। यह विदेश नीति में देश के हितों के अनुरूप सोचकर किया गया फैसला था, जो देशभक्ति के अंतर्गत आता है। राष्ट्रवाद में फिलिस्तीन का नाम लेने पर उसका झंडा देख लेने पर गिरफ्तारी की जाती है। क्योंकि इससे राजनीतिक लाभ होने की उम्मीद होती है। भारतीय भोजनराष्ट्रवाद ऐसी ही विचारधारा है। जिसे अकेले अलग से प्रस्तुत नहीं किया जा सकता। बल्कि देशभक्ति की आड़ में ही इसे सामने लाया जाता है। जिसे ढाई सौ साल पहले सैमुअल जानसन ने पहचान लिया था। इस पर गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की उक्ति बहुत सटीक है। उन्होंने कहा था राष्ट्रवाद किसी फोड़े को श्रृंगार करके पेश करने जैसा है। इसका मतलब अपनी कमियों को छुपाकर उन्हें भी रंग रोगन के साथ पेश कर देना। जैसा आजकल गोदी मीडिया से करवाया जा रहा है। वह बेरोजगारी की समस्या को ऐसे पेश करता है कि योग्य उम्मीदवार मिलते ही नहीं हैं। लद्दाख और अरुणाचल के बड़े इलाके पर चीन के कब्जे के बाद तो उसने राजनीतिक नेतृत्व को बचाने के लिए सारा दोष सेना पर डाल दिया था कि सीमाओं पर उन्हें रोकने के लिए प्रधानमंत्री थोड़ी आते।बातें बड़ी बड़ी करके असली मुद्दों को दबाया जाता है। दो साल से ज्यादा हो गया मणिपुर नहीं गए। मगर अब जब कुछ दूसरे मुद्दे तेजी से उभरने लगे तो वहां जाकर मणिपुर को भारत के मुकुट का रत्न बताकर समझ रहे हैं कि बहुत बड़ी बात बोल दी। नेपाल के युवाओं की तारीफ कर दी कि वह वहां रंग रोगन कर रहा है। यह भूलने की कोशिश कर रहे हैं कि उसने वहां सरकार बदल दी!समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बहुत हिम्मत के साथ सही सवाल किया है कि भारत में भी अगर बेरोजगारी की समस्या दूर नहीं की गई तो यहां भी नेपाल जैसी हालत हो सकती है। सारे राजनीतिक नेता यह बोलने से बच रहे हैं। मीडिया के तो बेरोजगारी का सवाल उठाने का सवाल ही नहीं। वह तो पकौड़े तल कर बेचने का प्रोग्राम बनाकर बताता है कि इस में कितना मुनाफा है।

और अगर नाले के पास बनाए जाएं, तो वहां की गैस से चाय भी बना कर साथ में दी जा सकती है। मगर यह इतने लकीर के फकीर हैं कि बिल्ली के बाहर जाने के लिए एक छेद और उसके बच्चे के बाहर जाने के लिए दूसरा छेद ही बनाने की सलाह अभी तक दे रहे हैं। केवल चाय नाले के गैस से बनाने की बात करते हैं। पकौड़े नहीं। मतलब चाय उस आग से बन जाएगी, पकौड़े नहीं बन पाएंगे! क्योंकि प्रधानमंत्री ने तो केवल नाले के गैस से चाय बनाने की बात कही है। प्रधानमंत्री जी कह दीजिए कि पकौड़े भी बन जाएंगे तो एक नया और बढ़िया पैकेज टीवी वालों के लिए तैयार हो जाएगा। भारतीय भोजनदेश की आम जनता के मानसिक स्तर को नीचे ले जाने का काम हो रहा है। देशभक्ति में उपर ले जाया जाता है। पिछले 11 साल में आप देख रहे हैं सिवाय नफरत और विभाजन के लोगों के मन में कुछ और नहीं भरा। नतीजा यह हुआ कि आज भयानक बेरोजगारी के बाद भी कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं।

अखिलेश यादव ने बड़ी चेतावनी दी है। समझने की जरूरत है। देश का युवा निराशा में है। महंगी पढ़ाई लिखाई के बाद भी कोई काम नहीं। आपको बताते हैं एमबीबीएस करने के बाद डाक्टर प्राइवेट नर्सिंग होमों में तीस चालीस हजार रुपए महीने की नौकरी करने पर मजबूर हैं। उनके जाब की कोई नीति नहीं। दूसरी तरफ गांवों में डाक्टर नहीं। सरकारी हेल्थ सिस्टम पूरी तरह खत्म हो गया है। सब कुछ प्राइवेट हाथों में।

सोचिए जब देश में सबसे ज्यादा सामाजिक प्रतिष्ठा की डिग्री पाने वालों का यह हाल है तो बाकी डिग्री वालों का क्या होग।पहले पढ़ाई सरकारी थी। स्वास्थ्य सुविधाएं सरकारी थीं।

मुफ्त। मगर अब सब कुछ उन प्राइवेट हाथों में जो बातें बड़ी बड़ी करने में नेताओं का मुकाबला कर रहे हैं। अभी अडानी ने अपने खिलाफ लिखने पर दिल्ली के एक कोर्ट में क्या कहकर स्टे लिया कि उसके खिलाफ लिखना देश का विरोध करना है। भाजपा, गोदी मीडिया भी यही कहता है कि मोदी सरकार के खिलाफ मतलब देश के खिलाफ!युवा का नौकरी मांगना भी देश के खिलाफ है! युवा जिसे आज जेन जी कहा जा रहा है क्या करे?

बहुत सारे वास्तविक सवाल हैं। जवाब सब राष्ट्रवाद की अवास्तविक बातों में लिपटे हुए। फ्रांसिसी क्रान्ति से लेकर हिटलर और नेपाल सब यह समझते कि उनके खिलाफ नहीं होगा। लेकिन ऐसा होता नहीं!

## संपादकीय

# मणिपुर पर मरहम



लंबे समय तक अशांत रहे मणिपुर के मुद्दे पर अकसर विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब वह प्रतीक्षित यात्रा हकीकत बनी है। कहा जा सकता है कि संघर्षरत राज्य की जनता के बीच विश्वास की कमी को दूर करने का यह सार्थक प्रयास जरूरी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर को शांति और समृद्धि का प्रतीक बनाने का संकल्प जताया है। लेकिन मौजूदा चुनौतीपूर्ण स्थिति सरकार के संकल्प की परीक्षा लेगी। हालांकि,लगभग ढाई साल पहले भड़की जातीय हिंसा हाल के महीनों में, खासकर फरवरी में राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कम हो गई है। लेकिन भविष्य में हिंसा की आशंका को निर्मूल नहीं कहा जा सकता है। ऐसी दशा में इस संवेदनशील राज्य में केंद्र सरकार को सामान्य स्थिति की बहाली और दीर्घकालिक शांति स्थापना के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। दरअसल,राज्य में स्थायी शांति के मार्ग में जो एक सबसे बड़ी बाधा है, वह है पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय और घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लोगों के बीच लगातार कम होता विश्वास। ऐसे में सरकार का दायित्व बनता है कि दोनों समुदायों की आकांक्षाओं में संतुलन बनाए। ताकि दोनों समुदायों की चिंता और शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा सके। विगत में मैतेई समुदाय के लोग अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिये जाने की मांग करते रहे हैं। यह एक ऐसा विवादास्पद मुद्दा था, जिसने कुकी-जो समुदाय के लोगों में असुरक्षा व अशांति पैदा कर दी। जिसे दूर किए जाने की सख्त जरूरत है।दरअसल, हाल के हिंसक संघर्ष ने राज्य में मतभेदों को मनभेद में बदल दिया है। कुकी-जो विधायकों के एक समूह, जिसमें भाजपा के भी सात विधायक शामिल हैं, ने कहा है कि 'दोनों पक्ष केवल अच्छे पड़ोसियों के रूप में शांति से रह सकते हैं,लेकिन फिर कभी एक छत के नीचे नहीं।' उनकी मांग रही है कि गैर-मैतेई समुदायों के लिये अलग विधायिका सहित अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाए। यह सोच दोनों समुदायों के बीच गहरे मतभेद को उजागर करती है, जिसने मणिपुर को गहरी क्षति पहुंचायी है। इस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होने में अभी डेढ़ साल बाकी है। राज्य में हिंसा की पुनरावृत्ति रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर है ताकि विधानसभा चुनाव में देरी न हो। केंद्र सरकार को विधानसभा को लंबे समय तक निलंबित रखने के फायदे और नुकसान का भी आकलन करना होगा।

लेकिन फिलहाल, प्राथमिकता के आधार पर ध्यान विस्थापित परिवारों के पुनर्वास पर देने की जरूरत है। उससे भी महत्वपूर्ण, राज्य में सक्रिय चरमपंथी समूहों के लोगों को हथियार डालने के लिये प्रोत्साहित करने की जरूरत है। विकास परियोजनाओं पर काम जल्दी शुरू करने तथा उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने से भी मणिपुर के लोगों का विश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी। ऐसे तमाम प्रयास मणिपुर के आहत लोगों की विश्वास बहाली में मददगार साबित हो सकते हैं। निस्संदेह, इस बार केंद्र सरकार की तरफ से कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

# प्रतिबंध और आजीविका संबंधी चिंताओं में संतुलन बनाना समय की मांग

अदालत ने इस बिंदु पर सहमति व्यक्त की और कहा, %जब हम श्रमिकों पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो वे बिना काम के रह जाते हैं। इसका खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ता है।% इसके बाद न्यायालय अगली सुनवाई पर मामले की जांच करने के लिए सहमत हो गया। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने भी कहा कि हरित पटाखों पर कोई भी सूत्रीकरण विशेषज्ञों के परामर्श से किया जाता है, और वे नीरी द्वारा किए गए नवीनतम शोध उपलब्ध कराएंगे।2025 की दिवाली थोड़ी अलग हो सकती है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अभी-अभी पटाखों पर प्रतिबंध के लिए अखिल भारतीय नीति बनाने का आह्वान किया है, साथ ही आश्वासन दिया है कि वह 22 सितंबर को होने वाली अगली सुनवाई में आजीविका संबंधी चिंताओं पर भी सुनवाई करेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने अधिकारियों को प्रतिबंध पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश भी जारी किए हैं और केंद्र से राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) के परामर्श से स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा है। सर्वोच्च न्यायालय का आह्वान स्वागत योग्य है, लेकिन पटाखों पर प्रतिबंध और आजीविका संबंधी चिंताओं के बीच संतुलन बनाने की स्पष्ट आवश्यकता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी आरगवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने 12 सितंबर, 2025 को पटाखा निर्माताओं द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, जिनमें दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री और निर्माण पर एक साल से चल रहे प्रतिबंध का विरोध किया गया था, पटाखों पर केवल एनसीआर में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया। सीजेआई ने कहा, %अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है, तो पूरे देश में लगाया जाना चाहिए।%सीजेआई गवई ने कहा, %अगर एनसीआर के शहरों को स्वच्छ हवा का अधिकार है, तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं? जो भी नीति होनी चाहिए, वह अखिल भारतीय स्तर पर होनी चाहिए। हम केवल दिल्ली के लिए नीति नहीं बना सकते क्योंकि वे देश के कुलीन नागरिक हैं। मैं पिछले साल सर्दियों में अमृतसर गया था, और वहां प्रदूषण और भी बदतर था।%

आवेदनों पर नोटिस जारी करते हुए, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन ने कहा, %अगर एनसीआर के नागरिक प्रदूषण मुक्त हवा के हकदार हैं, तो दूसरे शहरों के लोगों के लिए ऐसा क्यों नहीं है।% याचिकाकर्ताओं ने कहा कि इस उद्योग पर निर्भर कई परिवारों की आजीविका का मुद्दा भी है।



अदालत में यह उल्लेख किया गया कि 3 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय के अंतिम आदेश पर, शीर्ष अदालत ने अपने प्रतिबंध में बदलाव करने से इनकार कर दिया है, और यहां तक कि उनके द्वारा तैयार किए गए हरित पटाखों के फॉर्मूलेशन पर भी केंद्र और विशेषज्ञ संस्था नीरी ने विचार नहीं किया है। भारतीय भोजन

याचिकाकर्ता पटाखा व्यापारी, एसोसिएशन ऑफ फायर वर्क ट्रेडर्स, इंडिककलेक्टिव एंड हरियाणा फायर वर्क मैन्युफैक्चरर्स ने बताया था कि शीर्ष अदालत द्वारा पारित आदेश के कारण, उनके लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं, जबकि यह 2027-28 तक वैध है।

न्यायमित्र के रूप में न्यायालय की सहायता कर रही वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने न्यायालय को बताया कि जब दिल्ली में निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध सहित आपातकालीन उपायों का प्रस्ताव रखा गया था, तब भी न्यायालय ने यह सुनिश्चित किया था कि काम के नुकसान से प्रभावित श्रमिकों को मुआवज़ा दिया जाए।

अदालत ने इस बिंदु पर सहमति व्यक्त की और कहा, %जब हम श्रमिकों पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो वे बिना काम के रह जाते हैं। इसका खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ता है।% इसके बाद न्यायालय अगली सुनवाई पर मामले की जांच करने के लिए सहमत हो गया। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने भी कहा कि हरित पटाखों पर कोई भी सूत्रीकरण विशेषज्ञों के परामर्श से किया जाता है, और वे नीरी द्वारा किए गए नवीनतम शोध उपलब्ध कराएंगे।

गौरतलब है कि पिछली दिवाली 2024 के दौरान देश के कई राज्यों ने पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनमें न केवल दिल्ली-एनसीआर, बल्कि बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल भी शामिल थे। कई शहरों में पटाखों की अलग-अलग विशिष्टताओं के साथ प्रतिबंध लगाए गए थे।फिर भी, आजीविका और प्रतिबंध के बीच संतुलन बनाना आसान काम नहीं होगा। पटाखे, खासकर दिवाली और अन्य त्योहारों के आसपास, वायु और ध्वनि प्रदूषण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसी संदर्भ में, सर्वोच्च न्यायालय और विभिन्न राज्य सरकारों ने प्रतिबंध लगाए हैं, कभी पूर्ण प्रतिबंध, तो कभी आंशिक प्रतिबंध, जिसमें केवल हरित पटाखों की अनुमति देना भी शामिल है। समस्या यह है कि ये प्रतिबंध अक्सर अस्थायी होते हैं, कभी असंगत, और प्रवर्तन में मिला-जुला रवैया होता है, जिससे व्यवसायों और उपभोक्ताओं के बीच भ्रम की स्थिति पैदा होती है।प्रतिबंध का असर श्रमिकों और निर्माताओं पर भी पड़ता है। भारत का पटाखा केंद्र, तमिलनाडु में शिवकाशी, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 4 लाख श्रमिकों को रोजगार देता है। श्रमिक मुख्यत~ दिहाड़ी मजदूर हैं और उनके पास वैकल्पिक रोजगार के सीमित अवसर हैं। बार-बार प्रतिबंध लगाने से अनिश्चितता, उत्पादन में कमी, नौकरियों का नुकसान और वेतनमें कटौती जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। भारतीय भोजन

देश भर में लाखों खुदरा विक्रेता और छोटे व्यवसाय भी दिवाली की बिक्री पर निर्भर हैं। अचानक प्रतिबंध या पाबंदियों से भंडार में नुकसान होता है, क्योंकि नमी और मान्य अवधि समाप्ति तिथि के कारण पटाखों को आसानी से दोबारा नहीं बेचा जा सकता। वे कम मुनाफे पर काम करते हैं और उनके लिए नुकसान विनाशकारी साबित होता है।

मुद्रण, पैकेजिंग, परिवहन और कच्चे माल के आपूर्तिकर्ता जैसे सहायक उद्योग भी प्रभावित होते हैं। इसके अलावा, जब बिना किसी विकल्प के प्रतिबंध लागू किए जाते हैं, तो पटाखों की अवैध बिक्री बढ़ जाती है।इसलिए, सर्वोच्च न्यायालय को इस समस्या का कोई संभावित समाधान निकालना होगा, शायद प्रतिबंध और आजीविका के बीच संतुलन बनाने का कोई मध्य मार्ग, क्योंकि दोनों ही महत्वपूर्ण मुद्दे हैं।

संभावित समाधान हो सकता है कि सीएसआईआर-नीरी द्वारा विकसित हरित पटाखों को समझदारी से अनुमति दी जाए, जिससे प्रदूषण कम होता है। लेकिन ये अभी भी विवादास्पद हैं,और कुछ राज्यों को उनकी सुरक्षा और प्रभावशीलता पर संदेह है। चरणबद्ध तरीके से बदलाव एक और कदम हो सकता है, जिसके तहत आजीविका खोने वाले श्रमिकों के लिए पुन~ कौशल कार्यक्रम के साथ-साथ क्रमिक प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। श्रमिकों के लिए मुआवजे और सामाजिक सुरक्षा के प्रावधानों के साथ-साथ अखिल भारतीय व्यापक नीति पर स्पष्टता आवश्यक है।

# हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भारी बारिश से तबाही, कई गाड़ियां पानी में बही

एजेंसी

**मंडी ।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में रात को भारी बारिश होने से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। सबसे ज्यादा नुकसान धर्मपुर बाजार में देखने को मिला। इस जिले के कई क्षेत्रों में चारों तरफ पानी ही पानी है। जिले में भारी बारिश होने से सोन खड्ड में खड़ी एचआरटीसी और अन्य गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। इस बस स्टैंड में खड़ी निगम की बसें पानी में डूब गईं और कुछ बसें पानी के बहाव के साथ बह गईं। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार रात 11 बजे से जिले के अधिकतर स्थानों पर बारिश हो रही है। बारिश इतनी तेज है कि लोग घर से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। खड्ड के आसपास रहने वाले लोगों के घर में भी पानी भर गया है। इसकी वजह से घर के बाहर खड़े दर्जनों वाहनों को नुकसान पहुंचा। डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि रात से ही तेज बारिश



में पुलिस और रेस्क्यू टीमें मैदान में जुट गई थी। लोगों को सुरक्षित निकालने का काम रात से जारी है। अभी तक किसी प्रकार की जनहानि का नुकसान रिपोर्ट नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि कई लोग घरों में पानी घुसने के कारण ऊपरी मंजिल पर शरण लेने को मजबूर हुए हैं। यहां एक होस्टल में 150 बच्चे थे, उन्हें भी दूसरी और तीसरी मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया है। कुछ लोगों ने गाड़ियों के पानी में बहने की सूचना दी है। सूद ने बताया कि अभी तक किसी प्रकार के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। एक व्यक्ति के लापता होने की जानकारी मिल रही है, जिसकी पुष्टि की जा रही है। बहुत से वाहन बह गए हैं। घरों और दुकानों में मलबा घुस गया है। अभी सोन खड्ड का जलस्तर सामान्य हो रहा है। भारी बारिश की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल बचाव और राहत कार्य शुरू किया। बचाव टीम लगातार लोगों के संपर्क में बनी हुई है। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य देखने को मिल रही है। लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने और सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## 160 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में राज कुंद्रा से पूछताछ, मुंबई पुलिस का बयान, 'अगले हफ्ते फिर होना होगा पेश'

एजेंसी

**मुंबई ।** 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के एक मामले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच तेज कर दी है। इस मामले में राज कुंद्रा को पूछताछ के लिए तलब किया गया। मुंबई पुलिस की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, 'एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ 60 करोड़ की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच जारी है। आर्थिक अपराध शाखा ने राज कुंद्रा को समन भेजा था और उनसे पूछताछ की गई। उनका बयान दर्ज कर लिया गया है और उन्हें अगले सप्ताह दोबारा



पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।' मामले में कारोबारी दीपक कोठारी ने आरोप लगाया है कि शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने मिलकर उन्हें 60 करोड़ रुपए का चूना लगाया। उनका दावा है कि उन्होंने 2015 से 2023 के बीच राज कुंद्रा को बिजनेस एक्सपेंशन के नाम पर पैसे दिए थे, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि ये रकम बिजनेस में नहीं, बल्कि कपल ने निजी खर्चों में इस्तेमाल की। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।इस बीच शिल्पा शेट्टी को लेकर एक नई चर्चा शुरू हुई। कहा जा रहा है कि उनका बांद्रा स्थित रेस्टोरेंट 'बैस्टियन' बंद होने वाला है। इस खबर के बाद सोशल मीडिया पर अफवाहें फैल गईं। हालांकि, शिल्पा शेट्टी ने इस पर तुरंत सफाई देते हुए आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं बैस्टियन को बंद नहीं कर रही हूं। मुझे बहुत सारे कॉल्स आए, लेकिन ये सिर्फ अफवाहें हैं।' उन्होंने आगे बताया कि वे बैस्टियन के जरिए दो नए रेस्टोरेंट लॉन्च करने जा रही हैं, जिसमें से एक अम्माकाई है, जिनमें शुद्ध दक्षिण भारतीय मैंगलोरियन खाना परोसा जाएगा और दूसरा बैस्टियन बीच क्लब है, जो जुहू में खुलेगा। नए रेस्टोरेंट लॉन्च करने का मकसद लोगों को नए फ्लेवर्स और अनुभव देना है।

## हम भारत को दुनिया की फूड बास्केट बनाएंगे : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में खाद्यान्न, फल या सब्जियों की कोई कमी नहीं होगी और भारत दुनिया की फूड बास्केट बन जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन - रबी अभियान 2025' में बोलते हुए चौहान ने कहा कि देश में कृषि 3.7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जो दुनिया में सबसे अधिक है, और इसका श्रेय हमारे किसानों और वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और सरकार की किसान-हितैषी नीतियों को जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य एकजुट हैं और हमारे राष्ट्र, हमारे लोगों और हमारे किसानों के लिए, हम पूरी ताकत से मिलकर काम करते रहेंगे क्योंकि उनका कल्याण सर्वोपरि है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम भाग्यशाली हैं कि हमें भारत के कृषि परिदृश्य को बदलने की जिम्मेदारी मिली है। हम साधारण लोग नहीं हैं। हम वो लोग हैं जो देश की आधी आबादी का भाग्य गढ़ते हैं। हमें पूरी लगन से काम



करना होगा। हमारी असली चिंता किसान और उनका उत्थान है। चौहान ने आगे कहा कि अब केवल सभी मानकों और मानदंडों को पूरा करने वाले बायो-स्टिमुलैंट्स (पौधों की वृद्धि बढ़ाने वाले) ही बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। मंत्री ने कहा, हम किसानों का शोषण नहीं होने देंगे। कृषि विस्तार कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार के साथ मिलकर सभी राज्य कृषि विभागों, कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों और सभी संबंधित संगठनों को ठोस कार्यक्रम और रणनीति तैयार करनी चाहिए और जमीनी स्तर पर तेजी से काम करना चाहिए। अधिकारियों को अपने काम में मूल्यवर्धन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम का अब पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को फसल बीमा के दायरे में लाया जाना चाहिए और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने चाहिए। चौहान ने आगे कहा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए।

# पीएम मोदी ने सीएम धामी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

### कहा- राज्य के विकास में उनका योगदान सराहनीय

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सीएम धामी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। वे राज्य के सर्वांगीण विकास और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।' सीएम धामी ने पीएम मोदी के पोस्ट को शेयर करते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री, आपके स्नेहपूर्ण आशीष और प्रेरणादायी शुभकामनाओं के लिए हृदयतल से




आभार। आपके सशक्त नेतृत्व ने उत्तराखंड को सर्वांगीण व सर्वस्पर्शी विकास की नई राह दिखाई है, जिस पर हम पूरी ऊर्जा व प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आपका अमूल्य मार्गदर्शन हमें 'सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखंड' के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रेरित करता है। हम इस दशक को 'उत्तराखंड का स्वर्णिम दशक' बनाने के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीएम धामी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ÷उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आप गरीब कल्याण के साथ देवभूमि की प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। बाबा केदारनाथ से आपके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 'देवभूमि की पहचान को मजबूत करने और राज्य के निरंतर विकास को सुनिश्चित करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उत्तराखंड की जनता की सेवा में निरंतर सफलता प्रदान करे।' केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीएम धामी को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'देवभूमि उत्तराखंड के विकास को समर्पित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## बेटिंग ऐप मामले में ईडी ने सोनू सूद को किया तलब, 24 सितंबर को होगी पूछताछ

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** ऑनलाइन बेटिंग ऐप से जुड़े एक मामले में अभिनेता सोनू सूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निशाने पर आ गए हैं। ईडी ने उन्हें 24 सितंबर को दिल्ली स्थित मुख्यालय में पेश होने का नोटिस भेजा है। आरोप है कि सोनू सूद ने एक ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का प्रमोशन किया जो भारत में प्रतिबंधित है और जिसकी गतिविधियां सट्टेबाजी और पैसों की हेराफेरी से जुड़ी हुई हैं। ईडी के सूत्रों के अनुसार, सोनू सूद से पूछा जाएगा कि उन्होंने किस आधार पर इस प्लेटफॉर्म के साथ प्रमोशनल करार किया, क्या उन्हें इसकी कानूनी स्थिति की जानकारी थी और इसके बदले में उन्हें कितनी राशि का भुगतान किया गया। एजेंसी यह भी जांच रही है कि क्या इस प्रचार के जरिए किसी प्रकार की मनी लॉन्ड्रिंग या आर्थिक अनियमितता को अंजाम दिया गया। इस मामले में ईडी की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और अब तक कई फिल्मी सितारे और खिलाड़ी एजेंसी की पूछताछ के दायरे में आ चुके हैं। मंगलवार को बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा ईडी के सामने पेश हुए। इससे



पहले अभिनेत्री और तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती से लंबी पूछताछ हुई थी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह को भी तलब किया गया है। उथप्पा को 22 सितंबर को और युवराज को 23 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी यह जानना चाहती है कि क्या इन सभी सेलिब्रिटीज ने प्रमोशन से पहले कंपनी की पृष्ठभूमि और इसकी कानूनी वैधता की जांच की थी या सिर्फ वित्तीय लाभ के चलते इसके प्रचार का हिस्सा बन गए। भारत में कई ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स प्रतिबंधित हैं, लेकिन ये अक्सर नए डोमेन और मोबाइल ऐप के जरिए यूजर्स तक पहुंच बना लेते हैं। जब बड़े सेलिब्रिटीज इनके प्रचार में शामिल होते हैं तो आम जनता का भरोसा इन पर बढ़ता है, जिससे धोखाधड़ी और वित्तीय नुकसान की घटनाएं सामने आती हैं।

# सादगी को तरजीह देने वाले नेता हैं पीएम मोदी : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

एजेंसी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन से पहले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को उनसे जुड़ा एक किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि मैं पहली बार पीएम मोदी से नागपुर में मिला था, जिसने मुझ पर गहरी छाप छोड़ी।

सीएम फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'माय मोदी स्टोरी' के तहत एक भावुक वीडियो पोस्ट करते हुए पीएम मोदी के साथ हुई अपनी पहली मुलाकात को याद किया, जो कई साल पहले नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। फडणवीस ने वीडियो में कहा, 'जब मैं पहली बार पीएम मोदी से नागपुर में मिला, मुझे नहीं पता था कि वह पल मुझ पर इतनी गहरी छाप छोड़ेगा। उस समय मैं एक युवा मेयर था और अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से सीखने के लिए उत्सुक था।' वे नागपुर के रेशीमबाग में आयोजित 'अभ्यास वर्ग' का जिक्र कर रहे थे, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए वैचारिक और संगठनात्मक प्रशिक्षण का केंद्र है। उस समय फडणवीस भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम), नागपुर के अध्यक्ष भी थे और उन्हें इस



आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने कहा, 'रेशीमबाग में अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया था। मैं बीजेवाईएम, नागपुर का अध्यक्ष था और आयोजन की जिम्मेदारी मेरी थी। हमने हर अतिथि के लिए व्यवस्था की थी। सभी गणमान्य व्यक्तियों के लिए उचित रेस्ट हाउस तैयार रखे गए थे।' फडणवीस ने आगे बताया, 'जब पीएम मोदी आए, तो उन्होंने सबसे पहले डॉ. हेडगेवार के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में, जब मैंने पूछा कि वे कहां ठहरना चाहेंगे, तो मुझे लगा कि वे अन्य नेताओं की तरह गेस्ट हाउस चुनेंगे। लेकिन, उन्होंने सादगी से कहा कि वे रेशीमबाग में संघ कार्यकर्ताओं के लिए बने छोटे से कमरे में रहना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने आयोजन की व्यवस्थाओं पर व्यक्तिगत रूप से नजर रखी और यह सुनिश्चित किया कि हर प्रतिभागी को कोई असुविधा न हो। फडणवीस ने कहा, 'मैं उनकी उस पसंद से प्रभावित हुआ। इससे उनकी विनम्रता और संघ की परंपरा के साथ उनके गहरे जुड़ाव का पता चला। पूरे आयोजन के दौरान उन्होंने हर छोटी-बड़ी बात पर ध्यान दिया और सभी प्रतिभागियों की सुविधा का ख्याल रखा।' महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा, 'उस पहली मुलाकात ने उनके प्रति मेरी धारणा को आकार दिया। मैंने एक ऐसे नेता को देखा, जो विलासिता के बजाय सादगी और पद के बजाय सेवा को महत्व देते हैं।

# नए संकल्प के साथ, नया बिहार बनाने के लिए अधिकार यात्रा पर निकल रहे : तेजस्वी यादव

एजेंसी

**पटना ।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में धीरे-धीरे सरगर्मी बढ़ रही है। इस बीच, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव मंगलवार से 'बिहार अधिकार यात्रा' पर निकल रहे हैं।

उन्होंने यात्रा पर निकलने से पहले कहा कि वह नए संकल्प के साथ नया बिहार बनाने के लिए यात्रा पर निकल रहे हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, 'आज से हम लोग 'बिहार अधिकार यात्रा' पर निकल रहे हैं, बाकी के जिले जो छूटे हुए थे, उन्हें हम लोग कवर कर रहे हैं। बिहार में बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी को हटाने के लिए किसान और मजदूर के सम्मान के लिए, मां और बहनों की सुरक्षा के लिए और प्रदेश में कल-कारखाने लगाने के संकल्प के साथ इस यात्रा पर निकल रहे हैं।' ? 'उन्होंने बताया कि जहानाबाद में पहला कार्यक्रम होगा और उसके बाद नालंदा जिला में कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री मोदी के पूर्णिया में घुसपैठिया का मुद्दा उठाए जाने को लेकर राजद नेता



तेजस्वी यादव ने कहा कि कौन सी बात ये लोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'उन्हें घुसपैठियों को बाहर भगाने से कौन रोक रहा है? 11 साल से उनकी सरकार है, उनके प्रधानमंत्री रहते घुसपैठिए कैसे घुस गए? 20 साल से बिहार में उनकी सरकार है, घुसपैठिए कैसे घुस गए?'

उन्होंने आगे कहा कि घुसपैठिए कौन हैं, यह तो कोई बताए? केवल चुनाव में भाषण देने से नहीं होगा। झारखंड में जब चुनाव था, तब घुसपैठिए थे, अब वहां नहीं हैं? उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के जरिए असल में लोगों को मुद्दों से भटकाना है। असल मुद्दा पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई और कार्रवाई है। ?बिहार के एक मंत्री ने पत्रकार की पिटाई की और गाली-गलौज किया। 2005 के पहले कभी ऐसा होता था कि विपक्ष के नेता को एफआईआर के लिए जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री अचेत अवस्था में हैं। तेजस्वी यादव ने 'माई बहन मान योजना' को लेकर एफआईआर पर कहा कि मुद्दों से भटकाने के लिए ऐसा किया गया है। ?

## भारत अब हथियार बनाने के साथ निर्यात भी कर रहा है : दिलीप घोष

एजेंसी

**कोलकाता ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता दौरे के दौरान 'सेना सम्मेलन' में सेना की सराहना करते हुए आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता दिलीप घोष ने पीएम मोदी के बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आज भारत न केवल हथियार बना रहा है, बल्कि उनका निर्यात भी कर रहा है।भाजपा नेता दिलीप घोष ने बातचीत में कहा, भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। मुझे लगता है कि सेना में भी आत्मनिर्भरता बढ़नी चाहिए। पहले भारत हथियार खरीदता था, लेकिन आज भारत न केवल हथियार बना रहा है, बल्कि उनका निर्यात भी कर रहा है। सेना को नए और आधुनिक हथियार मिल रहे हैं और उनका मनोबल भी बढ़ा हुआ है। हमने पाकिस्तान में घुसकर मारा है और यह सबने देखा है। फिर भी एक महाशक्ति बनने के लिए भारत को जो भी करना चाहिए, ये काम सरकार कर रही है। सेना भी अपना पराक्रम बार-बार दिखा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बंगाल दौरे पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा, बंगाल की स्थिति और दुर्दशा से सब वाकिफ हैं और हमें बंगाल को उससे बाहर निकालना है। भाजपा का उद्देश्य राज्य में सरकार बनाना है। इसी के चलते प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री आते हैं और उनके आने से स्थानीय लोगों और हमारे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता है। दिलीप घोष ने भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर कहा, यह अच्छी बात है कि भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती सुधरनी चाहिए। जिस ढंग से डोनाल्ड ट्रंप ने व्यवहार किया है, उसका भारत ने जवाब दे दिया है। उनको भी पता चल गया है कि नुकसान सिर्फ उन्हीं का होगा।

## बिहार में एनडीए की सरकार तयः मंत्री नरेंद्र कश्यप

एजेंसी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ किए जाने पर कहा कि यह इस बात का संकेत है कि बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए जीतने जा रही है। उन्होंने बातचीत में कहा कि बिहार में लोग मौजूदा समय में एनडीए की कार्यशैली से संतुष्ट हैं और यह बिहार में आगामी दिनों में एनडीए की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी। पप्पू यादव जैसे राजनेता अगर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा कर रहे हैं, तो निश्चित तौर पर यह इस बात का संकेत है कि हमारी सरकार ने बिहार में अच्छा काम किया है। बिहार की जनता मौजूदा समय में एनडीए सरकार की अहमियत समझ रही है। बिहार में एनडीए के जीत के काफिले को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पाएगा। पप्पू यादव की ओर से प्रधानमंत्री की तारीफ करना एनडीए की ताकत को बढ़ाएगा।मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने से इनकार का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद यह साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लाया गया वक्फ संशोधन कानून पूरी तरह से सही है। इसमें किसी भी प्रकार की कोई विसंगति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से वक्फ संशोधन कानून को मंजूरी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सुधार से जुड़ी टिप्पणियां भी की हैं। आगामी दिनों में केंद्र सरकार इस दिशा में कदम बढ़ाएगी। लेकिन, जिस तरह



से सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की, उसे मोदी सरकार की 'जीत' के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। दोनों के बीच खटास आ गई है, जिसका असर बिहार विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

# बिहार में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के ऋण के लिए ब्याज नहीं लिया जाएगा : नीतीश कुमार ने की घोषणा

एजेंसी

**पटना ।** बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के ऋण के लिए ब्याज नहीं लेने की घोषणा की है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'बिहार में सात निश्चय योजना के अंतर्गत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए 2 अक्टूबर 2016 से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लागू है। बिहार




स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अधिकतम चार लाख रुपए का शिक्षा ऋण सामान्य आवेदक को चार प्रतिशत ब्याज दर पर तथा महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर आवेदक को मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि अब स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले शिक्षा ऋण की राशि सभी आवेदकों के लिए ब्याज रहित होगी।'

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि दो लाख रुपए तक के शिक्षा ऋण को 60 मासिक किस्तों (5 वर्ष) में वापस करने का प्रावधान था, जिसे अब बढ़ाकर अधिकतम 84 मासिक किस्तों (7 वर्ष) में तथा दो लाख से ऊपर ऋण राशि को 84 मासिक (7 वर्ष) किस्तों से बढ़ाकर अधिकतम 120 मासिक (10 वर्ष) किस्तों में वापस करने का प्रावधान किया गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पोस्ट में आगे लिखा, 'हम लोगों का उद्देश्य है कि राज्य के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जाने वाली शिक्षा ऋण में दी जाने वाली इन सुविधाओं से छात्रों के मनोबल में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह एवं लगन से उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य के साथ-साथ राज्य एवं देश का भविष्य भी संवार सकेंगे।'

# हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भारी बारिश से तबाही, कई गाड़ियां पानी में बही

एजेंसी

**मंडी ।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में रात को भारी बारिश होने से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। सबसे ज्यादा नुकसान धर्मपुर बाजार में देखने को मिला। इस जिले के कई क्षेत्रों में चारों तरफ पानी ही पानी है। जिले में भारी बारिश होने से सोन खड्ड में खड़ी एचआरटीसी और अन्य गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। इस बस स्टैंड में खड़ी निगम की बसें पानी में डूब गईं और कुछ बसें पानी के बहाव के साथ बह गईं। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार रात 11 बजे से जिले के अधिकतर स्थानों पर बारिश हो रही है। बारिश इतनी तेज है कि लोग घर से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। खड्ड के आसपास रहने वाले लोगों के घर में भी पानी भर गया है। इसकी वजह से घर के बाहर खड़े दर्जनों वाहनों को नुकसान पहुंचा। डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि रात से ही तेज बारिश



में पुलिस और रेस्क्यू टीमें मैदान में जुट गई थी। लोगों को सुरक्षित निकालने का काम रात से जारी है। अभी तक किसी प्रकार की जनहानि का नुकसान रिपोर्ट नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि कई लोग घरों में पानी घुसने के कारण ऊपरी मंजिल पर शरण लेने को मजबूर हुए हैं। यहां एक होस्टल में 150 बच्चे थे, उन्हें भी दूसरी और तीसरी मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया है। कुछ लोगों ने गाड़ियों के पानी में बहने की सूचना दी है। सूद ने बताया कि अभी तक किसी प्रकार के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। एक व्यक्ति के लापता होने की जानकारी मिल रही है, जिसकी पुष्टि की जा रही है। बहुत से वाहन बह गए हैं। घरों और दुकानों में मलबा घुस गया है। अभी सोन खड्ड का जलस्तर सामान्य हो रहा है। भारी बारिश की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल बचाव और राहत कार्य शुरू किया। बचाव टीम लगातार लोगों के संपर्क में बनी हुई है। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य देखने को मिल रही है। लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने और सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## 160 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में राज कुंद्रा से पूछताछ, मुंबई पुलिस का बयान, 'अगले हफ्ते फिर होना होगा पेश'

एजेंसी

**मुंबई ।** 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के एक मामले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच तेज कर दी है। इस मामले में राज कुंद्रा को पूछताछ के लिए तलब किया गया। मुंबई पुलिस की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, 'एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ 60 करोड़ की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच जारी है। आर्थिक अपराध शाखा ने राज कुंद्रा को समन भेजा था और उनसे पूछताछ की गई। उनका बयान दर्ज कर लिया गया है और उन्हें अगले सप्ताह दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।' मामले में कारोबारी दीपक कोठारी ने आरोप लगाया है कि शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने मिलकर उन्हें 60 करोड़ रुपए का चूना लगाया। उनका दावा है कि उन्होंने 2015 से 2023 के बीच राज कुंद्रा को बिजनेस एक्सपेंशन के नाम पर पैसे दिए थे, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि ये रकम बिजनेस में नहीं, बल्कि कपल ने निजी खर्चों में इस्तेमाल की। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।इस बीच शिल्पा शेट्टी को लेकर एक नई चर्चा शुरू हुई। कहा जा रहा है कि उनका बांद्रा स्थित रेस्टोरेंट 'बैस्टियन' बंद होने वाला है। इस खबर के बाद सोशल मीडिया पर अफवाहें फैल गईं। हालांकि, शिल्पा शेट्टी ने इस पर तुरंत सफाई देते हुए आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं बैस्टियन को बंद नहीं कर रही हूं। मुझे बहुत सारे कॉल्स आए, लेकिन ये सिर्फ अफवाहें हैं।' उन्होंने आगे बताया कि वे बैस्टियन के जरिए दो नए रेस्टोरेंट लॉन्च करने जा रही हैं, जिसमें से एक अम्माकाई है, जिनमें शुद्ध दक्षिण भारतीय मैंगलोरियन खाना परोसा जाएगा और दूसरा बैस्टियन बीच क्लब है, जो जुहू में खुलेगा। नए रेस्टोरेंट लॉन्च करने का मकसद लोगों को नए फ्लेवर्स और अनुभव देना है।



## हम भारत को दुनिया की फूड बास्केट बनाएंगे : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में खाद्यान्न, फल या सब्जियों की कोई कमी नहीं होगी और भारत दुनिया की फूड बास्केट बन जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन - रबी अभियान 2025' में बोलते हुए चौहान ने कहा कि देश में कृषि 3.7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जो दुनिया में सबसे अधिक है, और इसका श्रेय हमारे किसानों और वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और सरकार की किसान-हितैषी नीतियों को जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य एकजुट हैं और हमारे राष्ट्र, हमारे लोगों और हमारे किसानों के लिए, हम पूरी ताकत से मिलकर काम करते रहेंगे क्योंकि उनका कल्याण सर्वोपरि है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम भाग्यशाली हैं कि हमें भारत के कृषि परिदृश्य को बदलने की जिम्मेदारी मिली है। हम साधारण लोग नहीं हैं। हम वो लोग हैं जो देश की आधी आबादी का भाग्य गढ़ते हैं। हमें पूरी लगन से काम करना होगा। हमारी असली चिंता किसान और उनका उत्थान है। चौहान ने आगे कहा कि अब केवल सभी मानकों और मानदंडों को पूरा करने वाले बायो-स्टिमुलैंट्स (पौधों की वृद्धि बढ़ाने वाले) ही बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। मंत्री ने कहा, हम किसानों का शोषण नहीं होने देंगे। कृषि विस्तार कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार के साथ मिलकर सभी राज्य कृषि विभागों, कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों और सभी संबंधित संगठनों को ठोस कार्यक्रम और रणनीति तैयार करनी चाहिए और जमीनी स्तर पर तेजी से काम करना चाहिए। अधिकारियों को अपने काम में मूल्यवर्धन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम का अब पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को फसल बीमा के दायरे में लाया जाना चाहिए और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने चाहिए। चौहान ने आगे कहा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए।



# पीएम मोदी ने सीएम धामी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

### कहा- राज्य के विकास में उनका योगदान सराहनीय

एजेंसी


**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सीएम धामी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। वे राज्य के सर्वांगीण विकास और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।' सीएम धामी ने पीएम मोदी के पोस्ट को शेयर करते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री, आपके स्नेहपूर्ण आशीष और प्रेरणादायी शुभकामनाओं के लिए हृदयतल से आभार। आपके सशक्त नेतृत्व ने उत्तराखंड को सर्वांगीण व सर्वस्पर्शी विकास की नई राह दिखाई है, जिस पर हम पूरी ऊर्जा व प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आपका अमूल्य मार्गदर्शन हमें 'सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखंड' के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रेरित करता है। हम इस दशक को 'उत्तराखंड का स्वर्णिम दशक' बनाने के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीएम धामी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ÷उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आप गरीब कल्याण के साथ देवभूमि की प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। बाबा केदारनाथ से आपके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 'देवभूमि की पहचान को मजबूत करने और राज्य के निरंतर विकास को सुनिश्चित करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उत्तराखंड की जनता की सेवा में निरंतर सफलता प्रदान करे।' केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीएम धामी को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'देवभूमि उत्तराखंड के विकास को समर्पित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



## बेटिंग ऐप मामले में ईडी ने सोनू सूद को किया तलब, 24 सितंबर को होगी पूछताछ

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** ऑनलाइन बेटिंग ऐप से जुड़े एक मामले में अभिनेता सोनू सूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निशाने पर आ गए हैं। ईडी ने उन्हें 24 सितंबर को दिल्ली स्थित मुख्यालय में पेश होने का नोटिस भेजा है। आरोप है कि सोनू सूद ने एक ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का प्रमोशन किया जो भारत में प्रतिबंधित है और जिसकी गतिविधियां सट्टेबाजी और पैसों की हेराफेरी से जुड़ी हुई हैं। ईडी के सूत्रों के अनुसार, सोनू सूद से पूछा जाएगा कि उन्होंने किस आधार पर इस प्लेटफॉर्म के साथ प्रमोशनल करार किया, क्या उन्हें इसकी कानूनी स्थिति की जानकारी थी और इसके बदले में उन्हें कितनी राशि का भुगतान किया गया। एजेंसी यह भी जांच रही है कि क्या इस प्रचार के जरिए किसी प्रकार की मनी लॉन्ड्रिंग या आर्थिक अनियमितता को अंजाम दिया गया। इस मामले में ईडी की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और अब तक कई फिल्मी सितारे और खिलाड़ी एजेंसी की पूछताछ के दायरे में आ चुके हैं। मंगलवार को बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा ईडी के सामने पेश हुए। इससे पहले अभिनेत्री और तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती से लंबी पूछताछ हुई थी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह को भी तलब किया गया है। उथप्पा को 22 सितंबर को और युवराज को 23 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी यह जानना चाहती है कि क्या इन सभी सेलिब्रिटीज ने प्रमोशन से पहले कंपनी की पृष्ठभूमि और इसकी कानूनी वैधता की जांच की थी या सिर्फ वित्तीय लाभ के चलते इसके प्रचार का हिस्सा बन गए। भारत में कई ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स प्रतिबंधित हैं, लेकिन ये अक्सर नए डोमेन और मोबाइल ऐप के जरिए यूजर्स तक पहुंच बना लेते हैं। जब बड़े सेलिब्रिटीज इनके प्रचार में शामिल होते हैं तो आम जनता का भरोसा इन पर बढ़ता है, जिससे धोखाधड़ी और वित्तीय नुकसान की घटनाएं सामने आती हैं।



# सादगी को तरजीह देने वाले नेता हैं पीएम मोदी : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

एजेंसी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन से पहले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को उनसे जुड़ा एक किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि मैं पहली बार पीएम मोदी से नागपुर में मिला था, जिसने मुझ पर गहरी छाप छोड़ी।

सीएम फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'माय मोदी स्टोरी' के तहत एक भावुक वीडियो पोस्ट करते हुए पीएम मोदी के साथ हुई अपनी पहली मुलाकात को याद किया, जो कई साल पहले नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। फडणवीस ने वीडियो में कहा, 'जब मैं पहली बार पीएम मोदी से नागपुर में मिला, मुझे नहीं पता था कि वह पल मुझ पर इतनी गहरी छाप छोड़ेगा। उस समय मैं एक युवा मेयर था और अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से सीखने के लिए उत्सुक था।' वे नागपुर के रेशीमबाग में आयोजित 'अभ्यास वर्ग' का जिक्र कर रहे थे, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए वैचारिक और संगठनात्मक प्रशिक्षण का केंद्र है। उस समय फडणवीस भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम), नागपुर के अध्यक्ष भी थे और उन्हें इस आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने कहा, 'रेशीमबाग में अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया था। मैं बीजेवाईएम, नागपुर का अध्यक्ष था और आयोजन की जिम्मेदारी मेरी थी। हमने हर अतिथि के लिए व्यवस्था की थी। सभी गणमान्य व्यक्तियों के लिए उचित रेस्ट हाउस तैयार रखे गए थे।' फडणवीस ने आगे बताया, 'जब पीएम मोदी आए, तो उन्होंने सबसे पहले डॉ. हेडगेवार के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में, जब मैंने पूछा कि वे कहां ठहरना चाहेंगे, तो मुझे लगा कि वे अन्य नेताओं की तरह गेस्ट हाउस चुनेंगे। लेकिन, उन्होंने सादगी से कहा कि वे रेशीमबाग में संघ कार्यकर्ताओं के लिए बने छोटे से कमरे में रहना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने आयोजन की व्यवस्थाओं पर व्यक्तिगत रूप से नजर रखी और यह सुनिश्चित किया कि हर प्रतिभागी को कोई असुविधा न हो। फडणवीस ने कहा, 'मैं उनकी उस पसंद से प्रभावित हुआ। इससे उनकी विनम्रता और संघ की परंपरा के साथ उनके गहरे जुड़ाव का पता चला। पूरे आयोजन के दौरान उन्होंने हर छोटी-बड़ी बात पर ध्यान दिया और सभी प्रतिभागियों की सुविधा का ख्याल रखा।' महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा, 'उस पहली मुलाकात ने उनके प्रति मेरी धारणा को आकार दिया। मैंने एक ऐसे नेता को देखा, जो विलासिता के बजाय सादगी और पद के बजाय सेवा को महत्व देते हैं।



# नए संकल्प के साथ, नया बिहार बनाने के लिए अधिकार यात्रा पर निकल रहे : तेजस्वी यादव

एजेंसी

**पटना ।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में धीरे-धीरे सरगर्मी बढ़ रही है। इस बीच, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव मंगलवार से 'बिहार अधिकार यात्रा' पर निकल रहे हैं।

उन्होंने यात्रा पर निकलने से पहले कहा कि वह नए संकल्प के साथ नया बिहार बनाने के लिए यात्रा पर निकल रहे हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, 'आज से हम लोग 'बिहार अधिकार यात्रा' पर निकल रहे हैं, बाकी के जिले जो छूटे हुए थे, उन्हें हम लोग कवर कर रहे हैं। बिहार में बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी को हटाने के लिए किसान और मजदूर के सम्मान के लिए, मां और बहनों की सुरक्षा के लिए और प्रदेश में कल-कारखाने लगाने के संकल्प के साथ इस यात्रा पर निकल रहे हैं।' ? 'उन्होंने बताया कि जहानाबाद में पहला कार्यक्रम होगा और उसके बाद नालंदा जिला में कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री मोदी के पूर्णिया में घुसपैठिया का मुद्दा उठाए जाने को लेकर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि कौन सी बात ये लोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'उन्हें घुसपैठियों को बाहर भगाने से कौन रोक रहा है? 11 साल से उनकी सरकार है, उनके प्रधानमंत्री रहते घुसपैठिए कैसे घुस गए? 20 साल से बिहार में उनकी सरकार है, घुसपैठिए कैसे घुस गए?'

उन्होंने आगे कहा कि घुसपैठिए कौन हैं, यह तो कोई बताए? केवल चुनाव में भाषण देने से नहीं होगा। झारखंड में जब चुनाव था, तब घुसपैठिए थे, अब वहां नहीं हैं? उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के जरिए असल में लोगों को मुद्दों से भटकाना है। असल मुद्दा पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई और कार्रवाई है। ?बिहार के एक मंत्री ने पत्रकार की पिटाई की और गाली-गलौज किया। 2005 के पहले कभी ऐसा होता था कि विपक्ष के नेता को एफआईआर के लिए जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री अचेत अवस्था में हैं। तेजस्वी यादव ने 'माई बहन मान योजना' को लेकर एफआईआर पर कहा कि मुद्दों से भटकाने के लिए ऐसा किया गया है। ?



## भारत अब हथियार बनाने के साथ निर्यात भी कर रहा है : दिलीप घोष

एजेंसी

**कोलकाता ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता दौरे के दौरान 'सेना सम्मेलन' में सेना की सराहना करते हुए आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता दिलीप घोष ने पीएम मोदी के बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आज भारत न केवल हथियार बना रहा है, बल्कि उनका निर्यात भी कर रहा है।भाजपा नेता दिलीप घोष ने बातचीत में कहा, भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। मुझे लगता है कि सेना में भी आत्मनिर्भरता बढ़नी चाहिए। पहले भारत हथियार खरीदता था, लेकिन आज भारत न केवल हथियार बना रहा है, बल्कि उनका निर्यात भी कर रहा है। सेना को नए और आधुनिक हथियार मिल रहे हैं और उनका मनोबल भी बढ़ा हुआ है। हमने पाकिस्तान में घुसकर मारा है और यह सबने देखा है। फिर भी एक महाशक्ति बनने के लिए भारत को जो भी करना चाहिए, ये काम सरकार कर रही है। सेना भी अपना पराक्रम बार-बार दिखा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बंगाल दौरे पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा, बंगाल की स्थिति और दुर्दशा से सब वाकिफ हैं और हमें बंगाल को उससे बाहर निकालना है। भाजपा का उद्देश्य राज्य में सरकार बनाना है। इसी के चलते प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री आते हैं और उनके आने से स्थानीय लोगों और हमारे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता है। दिलीप घोष ने भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर कहा, यह अच्छी बात है कि भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती सुधरनी चाहिए। जिस ढंग से डोनाल्ड ट्रंप ने व्यवहार किया है, उसका भारत ने जवाब दे दिया है। उनको भी पता चल गया है कि नुकसान सिर्फ उन्हीं का होगा।

## बिहार में एनडीए की सरकार तयः मंत्री नरेंद्र कश्यप

एजेंसी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ किए जाने पर कहा कि यह इस बात का संकेत है कि बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए जीतने जा रही है। उन्होंने बातचीत में कहा कि बिहार में लोग मौजूदा समय में एनडीए की कार्यशैली से संतुष्ट हैं और यह बिहार में आगामी दिनों में एनडीए की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी। पप्पू यादव जैसे राजनेता अगर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा कर रहे हैं, तो निश्चित तौर पर यह इस बात का संकेत है कि हमारी सरकार ने बिहार में अच्छा काम किया है। बिहार की जनता मौजूदा समय में एनडीए सरकार की अहमियत समझ रही है। बिहार में एनडीए के जीत के काफिले को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पाएगा। पप्पू यादव की ओर से प्रधानमंत्री की तारीफ करना एनडीए की ताकत को बढ़ाएगा।मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने से इनकार का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद यह साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लाया गया वक्फ संशोधन कानून पूरी तरह से सही है। इसमें किसी भी प्रकार की कोई विसंगति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से वक्फ संशोधन कानून को मंजूरी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सुधार से जुड़ी टिप्पणियां भी की हैं। आगामी दिनों में केंद्र सरकार इस दिशा में कदम बढ़ाएगी। लेकिन, जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की, उसे मोदी सरकार की 'जीत' के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। दोनों के बीच खटास आ गई है, जिसका असर बिहार विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।



# बिहार में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के ऋण के लिए ब्याज नहीं लिया जाएगा : नीतीश कुमार ने की घोषणा

एजेंसी

**पटना ।** बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के ऋण के लिए ब्याज नहीं लेने की घोषणा की है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'बिहार में सात निश्चय योजना के अंतर्गत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए 2 अक्टूबर 2016 से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लागू है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अधिकतम चार लाख रुपए का शिक्षा ऋण सामान्य आवेदक को चार प्रतिशत ब्याज दर पर तथा महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर आवेदक को मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि अब स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले शिक्षा ऋण की राशि सभी आवेदकों के लिए ब्याज रहित होगी।'

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि दो लाख रुपए तक के शिक्षा ऋण को 60 मासिक किस्तों (5 वर्ष) में वापस करने का प्रावधान था, जिसे अब बढ़ाकर अधिकतम 84 मासिक किस्तों (7 वर्ष) में तथा दो लाख से ऊपर ऋण राशि को 84 मासिक (7 वर्ष) किस्तों से बढ़ाकर अधिकतम 120 मासिक (10 वर्ष) किस्तों में वापस करने का प्रावधान किया गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पोस्ट में आगे लिखा, 'हम लोगों का उद्देश्य है कि राज्य के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जाने वाली शिक्षा ऋण में दी जाने वाली इन सुविधाओं से छात्रों के मनोबल में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह एवं लगन से उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य के साथ-साथ राज्य एवं देश का भविष्य भी संवार सकेंगे।'



